# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 2 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-034 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### छग के आलोक शुक्ला को मिला 'ग्रीन नोबल' पुरस्कार

**रायपुर,2 मई.** छत्तीसगढ़ के पर्यावरणविद आलोक शुक्ला को



अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में 'गोल्ड मैन एनवायरन्मेंटल पुरस्कार 2024' (ग्रीन नोबल पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है. इस साल यह अवॉर्ड भारत के आलोक शुक्ला सहित दुनियाभर से 7 लोगों को प्रदान किया गया है. 'ग्रीन नोबेल' कहे जाने वाले इस पुरस्कार को दुनिया के छह महाद्वीपीय क्षेत्रों के जमीनी स्तर के पर्यावरण नायकों को दिया जाता है. बता दें कि आलोक 'हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समित' के संयोजक हैं. उन्होंने हसदेव अरण्य बचाओ आंदोलन में काफी संघर्ष किया है.

### जन अदालत में सगे भाइयों की हत्या

**रायपुर,2 मई.**बीजापुर के तरेरम थाना अंतर्गत छुटवाही के जंगल में जन अदालत लगाकर नक्सलवादियों ने दो सगे भाइयों की हत्या कर दी है. बताया जाता है कि सगे भाइयों की जमीन पर पुलिस का कैम्प लगाया गया है. इसी से नक्सली नाराज चल रहे थे. कल रात दोनों भाइयों को जंगल में बुलाया गया और उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया.

### अमेरिका पुलिस ने किया गोल्डी बराड़ की मौत से इंकार

**नई दिल्ली,2 मई.**पंजाब का वांछित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ जिंदा है। बुधवार को उसकी मौत की खबरें मीडिया में आई थी। इसके बाद कैलिफोर्निया में फ्रेस्नो पुलिस विभाग ने इसका खंडन किया। कि गोलीबारी की घटना में हमला करने वाले दो व्यक्तियों में से एक कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ था। बता दें कि बुधवार को गोल्डी बराड़ की मौत की खबर सामने आने के बाद गैंगस्टर अर्श डल्ला और लखबीर ने इसकी जिम्मेदारी भी ले ली थी। फ्रेस्नो पुलिस विभाग के लेफ्टिनेंट विलियम जे डूली ने कहा कि किसी ऑनलाइन चैट के कारण दावा किया जा रहा है कि गोलीबारी का शिकार गोल्डी बराड़ है, तो हम पुष्टि करते हैं कि यह बिल्कुल सच नहीं है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मानहानि का नोटिस

**रायपुर,2 मई.** पूर्व प्रदेश महासचिव संगठन, पीसीसी व एआईसीसी सदस्य अरुण सिसोदिया ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने अधिवक्ता के माध्यम से मानहानि का नोटिस भेजा हैं। बता दें कि कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ मुख्य निर्वाचन आयोग रायपुर में भी शिकायत किया है। अरुण सिसोदिया ने शिकायती पत्र में लिखा है कि भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल की उपाधि दी है जो की पूरी तरह से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में आता है। ठीक उसी तरह जिस तरह किसी को जातिगत गाली दी जाती है या उसे अपमानित करने के लिए कोई अपशब्द या असामाजिक शब्द का प्रयोग किया जाता है। इस तरह भूपेश बघेल ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

### पत्नी को उतारा मौत के घाट,गिरफ्तार

**महासमुंद,2 मई.** महासमुंद जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम छुईपाली में एक पति ने अपने पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए, पत्नी को बेरहमी से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। पति को बसना पुलिस ने किया गिरफ्तार। बता दें कि कुछ महीनों से बहुलीडीह जिला सारंगगढ़ निवासी ताराचंद चौहान 35 वर्ष अपनी पत्नी फुलसाय चौहान के साथ छुईयापाली के एक फार्म हाउस में मजदूरी का काम कर रहे थे।

## केंद्र के नियंत्रण में नहीं है सीबीआई

### पश्चिम बंगाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में मोदी सरकार ने कहा

**नई दिल्ली,2 मई.** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भारत संघ के नियंत्रण में नहीं है। बता दें कि राज्य की पूर्वानुमति के बिना एजेंसी द्वारा कई मामलों में जांच जारी रखने पर पश्चिम बंगाल द्वारा दायर मुकदमे पर प्रारंभिक आपत्ति जताई गई थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ से कहा कि भारत संघ ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है, सीबीआई ने दर्ज किया है। एजेंसी केंद्र के नियंत्रण में नहीं है। पश्चिम बंगाल ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के खिलाफ एक मूल मुकदमा दायर किया है। वहां की तृणमूल सरकार ने अपने मुकदमे में कहा कि राज्य द्वारा पश्चिम बंगाल में मामलों की जांच के लिए संघीय एजेंसी को सामान्य सहमति रद्द करने के बावजूद, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करना और जांच जारी रखी है। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने दो-न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया कि अनुच्छेद 131, जो केंद्र और एक



या अधिक राज्य सरकारों के बीच विवाद में शीर्ष अदालत के अधिकार क्षेत्र से संबंधित है, इसके दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 131 सर्वोच्च न्यायालय को प्रदत्त सबसे पवित्र न्यायक्षेत्रों में से एक है। इस प्रावधान का दुरुपयोग या दुरूपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। 16 नवंबर, 2018 को पश्चिम बंगाल ने राज्य में जांच करने या छापेमारी करने के लिए सीबीआई की सामान्य सहमति वापस ले ली। यह कई गैर-भाजपा राज्यों में से एक है जहां देश की शीर्ष जांच एजेंसी को अब अपनी गतिविधियों के लिए संबंधित सरकार की अनुमति या अदालत से निर्देश की आवश्यकता होती है। केंद्र में सरकार चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बार-बार विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है, इस आरोप का उसने लगातार खंडन किया है। अपनी ओर से सीबीआई को केंद्र में किसी भी राजनीतिक दल की परवाह किए बिना, राजनीतिक प्रभाव के तहत काम करने के आरोपों का सामना करना पड़ा है।

## 'शहजादे को पीएम बनाने को बेताब है पाक': मोदी

### यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा

**नई दिल्ली,2 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र किया और कहा कि पाकिस्तान 'शहजादा' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बेताब है। उन्होंने यह भी कहा कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। और कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।

मोदी ने कहा कि आज मोदी देश को एक करने के सरदार साहब के सपने को पक्का कर रहा है। वहीं कांग्रेस देश को बांटने में जुटी है, कांग्रेस समाज में लड़ाई-झगड़ा कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज लोग पूछ रहे हैं कि आखिर कांग्रेस इतनी बौखला क्यों गई है। कांग्रेस आज फेक फैक्ट्री यानी फर्जी माल की फैक्ट्री बन गई है। मोहब्बत की दुकान बोलकर कांग्रेस झूठ का सामान क्यों बेच रही है?उन्होंने साफतौर पर कहा कि मोदी के आने से पहले इस देश में 2 संविधान, 2 झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था। कश्मीर में हिंदुस्तान का संविधान लागू नहीं होता था। धारा 370 दीवार बनकर बैठी थी। सरदार पटेल की भूमि से आए इस बेटे ने उस 370 को जमींदोज कर दिया और सरदार साहब को श्रद्धांजलि दी। आपको बता दें कि पूर्व पाकिस्तानी मंत्री चौधरी फवाद हुसैन की बुधवार शाम की एक एक्स पोस्ट लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच नवीनतम विवाद बन गई। पूर्व पाकिस्तानी मंत्री ने अपने पोस्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंश साझा किए और लिखाः 'राहुल ऑन फायर'। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने फवाद चौधरी द्वारा राहुल गांधी की प्रशंसा करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि 'रिश्ता' स्पष्ट है। भाजपा नेता ने पोस्ट किया, ÷कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के साथ।शहजाद पूनावाला ने लिखा कि इससे पहले हाफिज सईद ने कहा था कि कांग्रेस उसकी पसंदीदा पार्टी है। पीएम मोदी को अपदस्थ करने के लिए समर्थन मांगने मणि अय्यर पाकिस्तान गए! हमें याद है कि हाल ही में कांग्रेस नेताओं द्वारा पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए थे और बीके हरिप्रसाद ने खुलेआम पाक के लिए वकालत की थी। समय-समय पर कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तानी आतंकवादियों का भी बचाव किया। आज रिश्ता साफ़ है - कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के साथ!



मुस्लिम लीग के घोषणापत्र से लेकर मुस्लिम लीग बनने तक जिसने पाकिस्तान का निर्माण किया! पाकिस्तान का बयान आईएनडीआई गठबंधन के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उसने कहा है कि चलो 'वोट जिहाद' करें।

एक्स को संबोधित करते हुए, भाजपा आईटी-सेल प्रमुख अमित मालवीय ने पाकिस्तानी राजनेता के पोस्ट का स्क्रीनग्रैब साझा किया और कहा, 'पाकिस्तान के साथ कांग्रेस का गठबंधन इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता।' उन्होंने लिखा कि इमरान खान कैबिनेट में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके चौधरी फवाद हुसैन राहुल गांधी को प्रमोट कर रहे हैं। क्या कांग्रेस पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की योजना बना रही है? घोषणापत्र से लेकर, जिसमें मुस्लिम लीग की छाप है, सीमा पार से जोरदार समर्थन तक, पाकिस्तान के साथ कांग्रेस का गठबंधन इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता है।



## आशियाना अपार्टमेंट में आग

**रायपुर,2 मई.** राजधानी के कबीर नगर थाना क्षेत्र के आशियाना अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई. आग अपार्टमेंट के सी ब्लॉक की तीसरी मंजिल के मकान नंबर 302 में लगी. आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. वहीं घटना की सूचना मिलते ही दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. वहीं क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी. जब आग लगी उसे दौरान घर में ताला बंद था. परिवार के सभी लोग मुंबई गए हुए हैं. किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है. कबीर नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अविनाश आशियाना के तीसरे फ्लोर के सी ब्लॉक 302 नंबर मकान में आग लगी. आग पर काबू पा लिया गया है. आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है.

## मंत्रालय व संचालनालय में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने की तैयारी, विरोध भी शुरू

**रायपुर,2 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में मंत्रालय, विभागाध्यक्ष भवनों समेत कई जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों, कर्मचारियों के हाजिरी के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की कोशिश है कि बदलाव की शुरूआत उपर से होनी चाहिए। इसलिए, बायोमेट्रिक सिस्टम को पहले मंत्रालय और इंद्रावती भवन में बायोमेट्रिक लगाया जाएगा। पता चला है, चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन ने मीटिंग लेकर इसका रिव्यू किया और अफसरों को निर्देशित किया है। याने अधिकारियों, कर्मचारियों को अब टाईम से आफिस आना होगा।

बताते हैं, चीफ सिकरेट्री के रिव्यू के बाद सुशासन विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बताते हैं, सीएम विष्णुदेव साय को पता चला कि फाइव डे वीक होने के बाद भी अधिकांश अधिकारी, कर्मचारी टाईम पर नहीं आ रहे। खासकर, मंत्रालय और इंद्रावती भवन में पोस्टेड बड़े अफसर अपने मन से आफिस आते हैं और मनमर्जी से जाते हैं। आम आदमी से लेकर दूरदराज से सराकरी काम से आने वाले सरकारी कर्मचारी, अधिकारी



मंत्रालय और इंद्रावती भवन का चक्कर लगाते रहते हैं। उद्योग, व्यापार फील्ड के लोग अफसरों से मिलने के लिए बैठे रहते हैं मगर अधिकारी हैं तो कर्मचारी नहीं और कर्मचारी हैं तो अधिकारी नहीं। इससे पहले कई बार निचले स्तर पर बायोमेट्रिक लगाने की शुरूआत हुई मगर वह सफल नहीं हो पाई। हमेशा इसका विरोध शुरू हो जाता है। शिक्षाकर्मियों के संविलियन के बाद बायोमेट्रिक की शर्त रखी गई थी। तब स्कूलों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाया गया था। मगर नेटवर्क नहीं आ रहा, पेड़ और छज्जे पर चढ़कर थंब लगाते इतना ज्यादा फोटो शिक्षकों ने सोशल मीडिया में वायरल किया कि वे जो चाहते थे, वही हुआ। बायोमेट्रिक सिस्टम अपने आप खतम हो गया।

## हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही कांग्रेस : आदित्यनाथ

**लखनऊ,2 मई.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भगवान राम और शिव पर दिए बयान पर आक्रोश जताया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह पराजित हो रही है और हार की इसी खिसियाहट से वह बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को अपमानित कर उसके साथ खिलवाड़ कर रही है. मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा के लिए निकलने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे. सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास इस प्रकार के कृत्यों से भरा पड़ा है, लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव के समय इस तरह के संवेदनशील मुद्दों को उठाकर कांग्रेस भारत की आस्था के साथ-साथ बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने का काम कर रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आपस में बांटों और राज करो ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है और अंग्रेजों की



उस विरासत को ही अब वह आगे बढ़ाने का काम कर रही है. उसने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया है और आगे भी लगातार वह इस प्रकार के कृत्यों को अपना रही है. उसके इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी समाज को जातीय आधार पर बांटने का प्रयास किया गया है. उन्होंने कहा कि देश के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार को वह कैसे अल्पसंख्यकों को बांटने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा बन रही है,

## आईपीएस जीपी सिंह को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

### कोर्ट ने दर्ज एफआईआर पर लगाई रोक

**बिलासपुर,2 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आईपीएस जीपी सिंह को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनके खिलाफ सुपेला थाने में दर्ज एफआईआर पर रोक लगा दी है. जीपी सिंह ने इस एफआईआर को समाप्त करने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी.

जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2015 में दुर्ग निवासी कमल सेन का बिल्डर सिंघानिया से व्यावसायिक लेन देन को लेकर विवाद हुआ था. इस दौरान सिंघानिया ने सेन के सामने आईपीएस जीपी सिंह को फोन करने की बात कही, मगर फोन पर कोई बात नहीं हुई थी. इसके 6 साल बाद 2021 में कमल सेन ने सुपेला थाने में एक एफआईआर दर्ज कराकर कहा कि जीपी सिंह ने उनसे 20 लाख की मांग करते हुए धमकी दी है. कमल सेन के आवेदन पर भिलाई के सुपेला थाना



में जीपी सिंह के खिलाफ भयादोहन का अपराध दर्ज किया गया. इस एफआईआर को निरस्त करने आईपीएस सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रजनी दुबे की डीबी में मामले की सुनवाई हुई. कोर्ट ने माना कि 6 साल बाद जाकर शिकायतकर्ता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है जो एक काफी लम्बा समय है. इसके साथ ही किसी लोक सेवक के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कराने धारा 197 में अनुमति लेनी होती है, जो नहीं किया गया. इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इस एफआईआर पर रोक लगाई है. बता दें कि आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ कांग्रेस शासन काल में अलग-अलग मामले में जुर्म दर्ज किया गया. उन्हें जेल भी भेजा गया और बर्खास्त कर दिया गया था. इसके खिलाफ उन्होंने कैट में अपील पेश की. कैट ने उनके पक्ष में निर्णय देते हुए राज्य शासन को उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों को चार सप्ताह में निरस्त कर बहाल करने का आदेश दिया है.



## जवानों ने ध्वस्त किया नक्सलियों का कैंप

**नारायणपुर,2 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नक्सलियों के इस कैंप से जवानों ने बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामान, दैनिक सामान और कंप्यूटर, प्रिंटर समेत जेसीबी मशीन को भी जब्त किया है. हालांकि, नक्सली इस जेसीबी मशीन को जंगलों के अंदर कैसे लेकर आए इसको लेकर अभी भी संशय बना हुआ है. इस जंगल से नारायणपुर मुख्यालय तक जेसीबी मशीन को लाना संभव नहीं हो पा रहा है. बताया जा रहा है कि नक्सली इस एरिया को सेफ जोन मानते हुए इसे अपना सुरक्षित ठिकाना बनाने के फिराक में थे, लेकिन जवानों ने नक्सलियों के इस नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया । बस्तर आईजी सुंदरराज पी. से मिली जानकारी के मुताबिक इलाके में 60 से 70 नक्सली मौजूद थे, लेकिन मुठभेड़ के दौरान 10 नक्सली मारे गए बाकी सभी नक्सली भागने में कामयाब हो गए. बताया जा रहा है कि जवानों ने नक्सलियों का देर शाम तक पीछा किया, लेकिन नक्सली महाराष्ट्र बॉर्डर की ओर भाग निकले. इसके बाद जवानों ने नक्सलियों का अस्थाई कैंप ध्वस्त किया और बड़ी मात्रा में नक्सलियों का सामान बरामद किया है. इसमें सबसे ज्यादा नक्सलियों का रसद सामान और विस्फोटक सामान बरामद हुआ है. 30 अप्रैल को देर शाम नारायणपुर पुलिस ने पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गए 10 नक्सलियों में से दो नक्सलियों की शिनाख्त कर ली है. जिनका पहचान डीवीसीएम मेंबर जोगन्ना और डीवीसीएम मेम्बर विनय उर्फ अशोक के रूप में हुई है. इन दोनों नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था और दोनों ही नक्सली कई बड़े नक्सली हमले में शामिल थे वहीं मारे गए अन्य नक्सलियों की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है. नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार से मिली जानकारी के मुताबिक जवान अब तक मारे गए नक्सलियों के शव को लेकर नारायणपुर जिला मुख्यालय नहीं पहुंचे हैं. जवानों के शव लेकर पहुंचने के बाद ही मुठभेड़ में मारे गए अन्य नक्सलियों की शिनाखती हो पाएगी. फिलहाल, नारायणपुर पुलिस इसे नक्सल विरोधी अभियान में इस साल की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि बता रही है

## भूपेश के साथ खाया बोरे बासी, फिर भाजपा में प्रवेश

**रायगढ़,2 मई.** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव प्रचार के सिलसिले में रायगढ़ में थे। उन्होंने



कल रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक के घर बोरे बासी खाया। भूपेश के समर्थकों ने उनकी बोरे बासी खाते फ़ोटो भी सोशल मीडिया में वायरल किया। मगर रायगढ़ से विधायक और वित्त, जीएसटी तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने राजनीतिक गूगली फेंक कर भूपेश के बोरे बासी को बेमजा कर दिया। भूपेश बघेल के बोरे बासी खाकर प्रकाश नायक के घर से बाहर जाते ही उनके भाई कैलाश नायक बीजेपी में शामिल हो गए। कैलाश जिला पंचायत सदस्य होने के साथ ही नायक परिवार के मास्टर ब्रेन हैं। नायक परिवार की सियासी रणनीति कैलाश ही तय करते हैं। प्रकाश नायक विधायक जरूर थे, लेकिन अपनी रुटीन के वजह से वो हैसियत नहीं बना पाए, जो उनके पिता शक्रजीत नायक ने बनाई थी। जाहिर है, कैलाश नायक का बीजेपी में जाना रायगढ में नायक परिवार के साथ कांग्रेस के लिए भी झटका है।

## तलाक कैंसल करो मीलॉर्ड

**मुंबई,2 मई.** बॉम्बे हाई कोर्ट में एक महिला याचिका लेकर पहुंची कि उसके पति संग हो चुके तलाक को कैंसल किया जाए क्योंकि वह उसके साथ नई जिंदगी शुरू करना चाहती है लेकिन, हाई कोर्ट ने उसकी याचिका नामंजूर कर दी। अदालत ने टिप्पणी की कि पति और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ झूठा केस दर्ज करना क्रूरता है। मामले में महिला के पति का आरोप है कि 8 साल शादी में साथ रहने के बाद अचानक उसकी बीवी मायके रहने लगी थी। उसने उसके परिवार के खिलाफ कई झूठी कंप्लेन दर्ज कराई। ससुर और देवर के खिलाफ छेड़छाड़ तक के आरोप लगाए। इससे उनकी काफी बदनामी हुई। बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने महिला द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। महिला ने अपनी याचिका में वैवाहिक अधिकारों को बहाल किए जाने का अनुरोध किया था और पारिवारिक अदालत के फरवरी 2023 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें तलाक की मंजूरी दी गई थी क्योंकि पति ने अपनी पत्नी की क्रूरता और उसके अलग हो जाने के आधार पर तलाक मांगा था।

**महिला की दलील सुनकर नाराज हो गए जज**

## चिरमिरी में ट्रेन सेवा शुरू करेंगे:प्रियंका

**कोरबा, 2 मई ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा कोरबा के चिरमिरी क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा आज आपके जो मुख्यमंत्री थे बघेल जी बघेल जी इन पर इतना हमला क्यों हुआ मैंने आपसे बताया क्योंकि आपका स्वाभिमान की बात की इनको अच्छा नहीं लगा कि कहीं पर एक प्रदेश में एक मुख्यमंत्री ऐसे हैं, जो खड़े हो जाते हैं अपने प्रदेश के लिए जो लड़ लेते हैं। अपनी जनता के लिए किए तो इनको दबाने की कोशिश की गई। इसी तरह से जो जो इनके खिलाफ लड़ रहा है। चिरमिरी में ट्रेन सेवा हम शुरू करना चाहते हैं। अगली बार मैं यहां हूं तो आपके पास में किसी दूसरे माध्यम से भी पहुंच पाऊं और यह जो सब दूर – दराज इलाके हैं किसी को मिलने जाना हो रिश्तेदारों को कहीं और रह रहे हैं आप जा पाए। सुविधानुसार आपकी जमीन का बाजार मूल्य से चार



गुना अधिक मुआवजा हम आपको देना चाहते हैं जब आपकी जमीन ने ली जाती है। उन?होंने कहा कि भूपेश बघेल ने छत?तीसगढ़?िया स?वाभिमान की बात की इसलिये उन पर सबसे ज?यादा हमला किया गया। उन?होंने चिरम?िरी में कोयला खदान का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को रोजगार मिले इसलिये इंदिराजी ने खदानों का राष?ट्रीयकरण करवाया। प्रियंका ने अपने संबोधन में कांग्रेस के संकल?प पत्र की बातें गिनाई और कहा कि आज कई खदानें बंद हो गई हैं अथवा उनका निजीकरण कर दिया गया है। सभा को भूपेश बघेल ने भी संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही स्टार प्रचारकों का दौरा शुरू हो गया है। प्रियंका गांधी इससे पहले राजनांदगांव और कांकेर में चुनावी सभा को संबोधित कर चुकी हैं। कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा सभा की तैयारियां की गई।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500रु. प्रति मानक बोरा की दर से किया जाएगा भुगतान

**गरियाबंद,2 मई.** इस बार हरा सोना यानी तेंदूपत्ता का संग्रहण भी किफायती होने जा रहा है. पिछली सरकार तक तेंदूपत्ता के एवज में 4000 प्रति मानक बोरा मिलता था,जो अब 5500 रुपये के दर पर मिलेगा. वन मंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जिले में इस वर्ष 83000 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है.इसके एवज में 66000 संग्राहक परिवार को 45.65 करोड़ का भुगतान किया जाना है. पिछले सत्र लक्ष्य से ज्यादा 77606 मानक बोरा का संग्रहण किया गया था,जिसके एवज में 62094 संग्राहक परिवार को 31.04 करोड़ का भुगतान किया गया था. अफसर ने पत्ते के उत्पादन और संग्राहकों के उत्साह को देखते हुए इस बार भी लक्ष्य पूरी कर लेने का



दावा किया है. जानकारी के मुताबिक, शासन ने निविदा प्रक्रिया में पत्ता की बोली लगाया गया है. जिसमें मोंगरा समिति के पत्ते की बोली पर सर्वाधिक कीमत मिला. यहां का पत्ता 10675 रुपये प्रति मानक बोरा बिका है. इससे शासन की आय में वृद्धि हुई है. वहीं कुछ समिति ऐसे भी है जिनके पत्ते वर्तमान भुगतान दर से आधे कीमत पर बिकेंगे. इन समितियों में अंतर की राशि शासन वहन करेगी.प्रबंध संचालक वनोपज सहकारी समिति अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को पारिश्रमिक के अतरिक्त बोनस, बिमा, शिष्यवृत्ती, समेत कई योजनाओं का लाभ दिया जाता है. इसके लिए कम से कम 500 मानक बोरा का संग्रहण आवश्यक है. वन अफसरों ने संग्राहकों से गुणवत्ता युक्त पत्ता फड़ में लाने की अपील किया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा बोनस राशि मिलने में सहायक साबित होगा.

**एक नजर**

### संजय बिहारी जिलाबदर



**भिलाई, 2 मई।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र के बदमाश संजय सिंह राजपूत उर्फ संजय बिहारी के खिलाफ जिला दंडाधिकारी दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिला बदर की कार्रवाई की गई है बदमाश संजय सिंह के खिलाफ 13 अपराधिक मामले दर्ज हैं मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाडेंय ने बताया कि संजय सिंह राजपूत उर्फ संजय बिहारी निवासी मोहन नगर के खिलाफ राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़, छुईखदान, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के अंदर हटने अथवा बाहर चले जाने का आदेश पारित किया गया है बदमाश संजय सिंह को इस तिथि से 1 वर्ष के भीतर की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में अनुमति के बिना प्रवेश निषिद्ध होगा दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के मुताबिक आरोपी संजय सिंह राजपूत वर्ष 1994 से आम लोगों को हथियार दिखाकर भयभीत करना, मारपीट करना, जन सामान्य के साथ गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देना, प्राण घातक चोट पहुंचाना, अवैध शराब की बिक्री, असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर अवैध वसूली करना, जमीन दलाली, आम जनता को आतंकित करना, डकैती, जुआ खिलाने के अपराध में संलिप्त रहा है

### पुलिस ने 45 हजार की शराब जब्त की



**भिलाई, 2 मई।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब बिक्री करने वालो पर अंकुश लगाने पुलिस ने अभियान चलाकर रखा है मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुरेन्द्र प्रसाद केम्प 1, 18 नंबर रोड वृंदा नगर का रहने वाला बताया आरोपी के पास से पुलिस को मकान के छत में छिपाकर रखे 9 नग प्लास्टिक के बोरी में रखे 413 पौव्वा शोले देशी मसाला शराब जब्त किया जिसकी कीमत 45 हजार 430 रूपये और बेचने की नगदी रकम 1520 रुपए बरामद किया है कार्रवाई में वैशाली नगर थाना स्टाप , उनि घनश्याम सिंह नेताम, आरक्षक आवेश सिद्धकीय, भागवत साहू, आरक्षक नितेश पाण्डेय, आरक्षक राजकुमार यादव, आरक्षक भूपेन्द्र बघेल, महिला आरक्षक ममता वासनिक समेत श्रेया राजपुत की शामिल थी।

### सट्टापट्टी सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई, 2 मई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र सट्टापट्टी के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एसएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा और गोवर्दन चौक में दबिश देकर लक्ष्मण सिंह और गौतम पाल को पुलिस ने पकड़ा है दोनो सटोरियों के पास से पुलिस ने नगदी रकम 7360 रुपए सट्टा पट्टी, कलम जब्त किया है।

### युवक 39 पौवा सहित पकड़ाया



**भिलाई, 2 मई।** भिलाई छावनी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर ने बताया कि सुंदर नगर नहर किनारे आरोपी मो. नौशाद अली उर्फ बिल्लू नामक व्यक्ति को 30 पौवा देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है इसी तरह से दूसरे मामले में जे. अरविंद ( 23 वर्ष ) निवासी सेक्टर-11 व ए. रफीक ( 24 वर्ष ) निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर मोहल्ला को चाकू के साथ पकड़ा दोनों के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 2 मई।** भिलाई नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि अवैध शराब बेचने वाले एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी सुमित पाल को गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से पुलिस ने 30 पौवा देशी प्लेन शराब को बाइक सीजी 07 एलबी 8388 को चेकिंग के दौरान पूछताछ के लिए रोका गया। इससे आरोपी हडबड़ा गया चेकिंग करने पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली ।

# जामुल के प्रत्येक वार्ड से मिल रहा जनता का आशीर्वाद:रेखराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,2 मई।** भाजपा जामुल मंडल के नेतृत्व में लगातार कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर दस्तक देकर जनसंपर्क किया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विश्वास जनता को खूब भा रहा है। प्रचार के 7वे दिन हनुमान जी की पूजा अर्चना कर वार्ड 1 आरंभ कर वार्ड 2 के अंतिम छोर में समाप्त किया गया जिसमे वार्ड 1 और वार्ड 2 की घनी आबादी वाली बस्ती, ढोर तालाब चौक, मठ पारा, नाका पारा, विश्वकर्मा चौक, सीएसईबी चौक, नहर पार, अनुसुइया नगर, साहू पारा, हाई स्कूल चौक, नंदिनी रोड मार्किट मुख्यतः शामिल रहा। माननीय सांसद श्री विजय बघेल जी के पक्ष में डोर 2 डोर सघन जनसंपर्क से जीत का ग्राफ निरंतर बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। इस बीच जिलाउपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री रेखराम बंछोर, पार्षद खम्मन ठाकुर, पार्षद रामदुलार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री नूतन वर्मा/प्रशांत बंटी गुप्ता, शक्तिकेन्द्र प्रभारी देवदत्त शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, पूर्व पार्षद सरस बर्मन, मोर्चा जिला मंत्री बी आर रामटेके, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश मानिकपुरी, मंडल कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, मंडल मंत्री संजय यादव, मंत्री राकेश वर्मा, योगेंद्र लल्लन सिंह, युवा महामन्त्री अनूप राय, युवा उपाध्यक्ष किशन गर्ग, उपाध्यक्ष ऋषभ बंछोर,



युवा नेता लेखराम पाल, ओमप्रकाश साहू, मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, रामचंद साहू सहित वार्डवासी उपस्तिथ रहे।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया




**जामुल, 2 मई।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र अंतर्गत रावण भाठा जामुल में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बाजार में उपस्थित सभी लोगो से शत प्रतिशत मतदान देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही अभियान में ''जन-जन को बताना है 07 मई को वोट देने जाना है'' का नारा लगाते हुए मतदाताओं से हस्ताक्षर करवाया गया। अभियान में सभी लोग उपस्थित होकर संकल्प-पत्र के तहत मतदाताओं को किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु संकल्पित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान को प्रारंभ किया गया। जिसमें हरिश साहू, राजस्व निरीक्षक, हेमंत वर्मा, मु.लि.स.लेखापाल, हिम्मत मंडावी, उ.रा.नि., जयंत साहू, स.रा.नि., सीमा गुप्ता, सामुदायिक संगठिका एवं स्वच्छता दीदी, स्व सहायता, मितानीन उपस्थित थे।

## अंतिम व्यक्ति के विकास से होगा राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य पूर्ण:बिचपुरिया



भिलाई, 2 मई। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज तिवारी जी द्वारा दुर्ग लोकसभा के सांसद एवं वर्तमान प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु भिलाई नगर स्टेशन की झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं दुर्ग लाभार्थी संयोजक ब्रजेश बिचपुरिया प्रमुख रूप से जनसंपर्क में शामिल हुए और उन्होंने सेक्टर 7 के झुग्गी झोपड़ी के निवासरत सदस्यों से भेंट की और वहां पर उपस्थित बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिला एवं युवाओं ने उनको आश्वस्त किया कि वे सब मिलकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो केंद्र सरकार द्वारा उनके (लाभार्थी ) लिए योजनाएं लेकर आई है उससे पूरी तरह संतुष्ट है और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। ब्रजेश बिचपुरिया ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि यह वही बस्ती है जिसके लिए लगातार हमने संघर्ष किया है और राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत यहां के रहवासियों को हमने पट्टा दिलवाया और निश्चित रूप से इनका समर्थन भाजपा को मिलेगा । जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष शिव सागर मिश्रा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज तिवारी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के चरोदा मंडल के संयोजक मोलाय बनर्जी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के खुर्सीपार के मंडल संयोजक पवन मिश्रा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के वैशाली नगर मंडल के संयोजक प्रेमचंद गिरी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी हेमंत बेहरा, सुभाष, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पश्चिम मंडल के संयोजक प्रेम प्रसाद, वैशाली नगर मंडल के मंत्री

# सुरक्षा बल को भौगोलिक जानकारी दी



**भिलाई, 2 मई।** भिलाई दुर्ग पुलिस ने आज लोकसभा चुनाव को लेकर यहां भेजे गए केन्द्रीय सुरक्षा बलों को उनकी भूमिका से अवगत कराया। इसके लिए बीएसपी टाउनशिप के कला मंदिर में एक इंडक्शन एवं ब्रीफिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारी और जवानों को दुर्ग जिले की राजनीतिक तासीर से अवगत कराते हुए निष्पक्ष मतदान में भूमिका निभाने की प्रेरणा दी कार्यक्रम के दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों को जिले की कुल विधानसभा सीट, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी और वहां की राजनीतिक तासीर बताते हुए शांतिपूर्ण मतदान और जन सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी। सुरक्षा बलों को मतदान से पहले और बाद की स्थिति से अवगत कराते हुए ड्यूटी के दौरान अनुशासित व संयमित रहने की अपील की गई। स्ट्रांग रूम के लिए एक कंपनी को अलग से सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कंपनी को भी भलि भांति उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि दुर्ग लोकसभा के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए 16 केन्द्रीय सुरक्षा बलों की आमद हुई है। दुर्ग जिले में लगभग 15 सौ मतदान केन्द्र है। जिसमें से कुल 326 मतदान केन्द्र संवेदनशील हैं। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय सुरक्षा बलों को इस बात की जानकारी दी गई है।

# श्रमिक मोर्चा का गठन, मोहन रेड्डी बने पदाधिकारी



भिलाई, 2 मई। वार्ड 38 पंडित रविशंकर शुक्ल मार्केट पावर हाउस में कल्याण सेवा जनजागृति संगठन एवं पंडित रवि शंकर शुक्ल मार्केट व्यापारियो के संयुक्त तत्वाधान में 1 मई श्रमिक दिवस मनाया गया । श्रमिक दिवस के अवसर पर पंडित रवि शंकर शुक्ल मार्केट पावर हाउस में निशुल्क प्रशिक्षण दिलाकर अपने पैरों पर खड़े कर स्वालंबन बनाने वाले व्यापारी एवं उनके यहां कार्य करने वाले श्रमिकों का सामाजिक कार्यकर्ता एवं कल्याण सेवा जन जागृति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील के हाथों से सम्मान किया गया । दुकानदार व्यापारियों के यहां काम करने वाले छोटे श्रमिक को उसका अधिकार मिल सके उसको ध्यान में रखते हुए इस शुभ दिन के मौके पर कल्याण सेवा जन जागृति संगठन की ओर से श्रमिक मोर्चा का गठन किया गया । कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रमिकों के हाथों से केक काटा गया और एक दूसरे को केक खिलाकर श्रमिक दिवस की बधाई दी गई । इस मौके पर मुख्य रूप से मनी टायर्स के संचालक संतोष मनी, पंजाब ऑटोमोबाइल के संचालक अवतार सिंह, मोहन गैरेज के संचालक मोहन रेड्डी , प्रमोद साकप के संचालक प्रवीण शर्मा, राजेश पाल, बब्बू , श्रीकांत, उज्जवल सेन, मिंटू शील, शंकर साहू, संदीप सोनी, विश्वनाथ सोनी, दिलीप सहित अनेको श्रमिक कर्मचारी मौजूद थे ।

# मई दिवस पर प्लेट मिल के श्रमिक सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 2 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट विभाग में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सुरक्षा पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन प्लेट मिल के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में प्लेट मिल के 10 श्रमिकों को सुरक्षा सर्वोत्तम, सुरक्षा अनमोल तथा सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित होने वाले श्रमिकों में शामिल हैं सुरक्षा सर्वोत्तम से विभीषण निषाद, सुरक्षा अनमोल से जवाहर लाल बरनवाल, उमाशंकर कोसरे एवं सुरक्षा दक्ष से अमिल कुमार, बी हरिचरण, दीपक कुमार, आत्माराम बंजारे, नीलमणी साहू, पुनेश कुमार बारले एवं श्रीमती मेम बाई को सुरक्षा के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर के बिसारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता देते हुए हमें अपनी तथा अपने साथियों की सुरक्षा और मशीनों के उचित रखरखाव के साथ-साथ कार्यस्थल में बेहतर हाउसकीपिंग एवं इलुमिनेशन का भी ध्यान रखना है। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में प्लेट मिल विभाग के महाप्रबंधकगण भास्कर रॉय, जे. सुधाकर, डी. सारंगी, सुनील मिुत्रा, संजय त्रिपाठी तथा उप महाप्रबंधक संजय कुमार व राजेश गुप्ता उपस्थित थे। संचालन महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी डी. सारंगी ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक विभाग की ओर से सहायक प्रबंधक विजय कुमार ने अपना योगदान दिया।



### मजदूर दिवस पर मनरेगा श्रमिकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**दुर्ग, 2 मई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 अंतर्गत चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ श्री अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में आज 1 मई, अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# मिशन लक्ष्मी के तहत 58 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



भिलाई, 2 मई। मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत 1 मई 2024 को भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में, महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 58 ठेका महिला श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर डॉ शायला जेकब, डॉ निशा ठाकुर, डॉ शुभस्मिता, डॉ प्रिया साहू, डॉ दीपक, डॉ. निशि मिंज, डॉ सरस्वती, श्रीमती लता मिश्रा, नर्सिंग स्टाफ से सुश्री प्रभा, टेक्नीशियन असरफ सहित भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय की पूरी टीम उपस्थित थी। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर, एसीएमओ डॉ मनीषा कांगों, महाप्रबंधक शाहिद अहमद, महाप्रबंधक शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े की सहायता से आयोजित की गई थी। इस आयोजन में प्रेसेंटेशन के माध्यम से डॉ निशा ठाकुर द्वारा 'मिशन लक्ष्मी' से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में श्री एल के त्रिपाठी का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ शुभस्मिता द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती लता मिश्रा द्वारा दिया गया।

### मौर्या कॉम्प्लेक्स की दुकानें जर्जर, दुकानदारों में आक्रोश

**भिलाई, 2 मई।** चंद्र-मौर्या टॉकीज के सामने मौर्या कॉम्प्लेक्स की दुकानें जर्जर होती जा रही हैं लेकिन इसपर किसी का ध्यान नहीं है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि कुछ तो दुकान वालों की लापरवाही से भी लोगों की जान जोखिम पर आ रही है। दुकानदारों का कहना है कि यहाँ रूंगटा नेत्र चिकित्सालय के संचालक की बिल्डिंग बहुत ही जर्जर हो गयी है। चिकित्सालय संचालक द्वारा बिल्डिंग की अनदेखी के चलते नीचे के दूकान वाले परेशान हैं। ऊपर उनके चिकित्सालय का बाहर निकला हुआ छज्जा बेहद जर्जर हो कर नीचे की दुकानों पर गिर रहा है। एक दुकान के मालिक अशोक गोयल ने बताया कि नगर निगम वालों को इसकी सुध जरूर लेनी चाहिए। दुकानों का नियमित निरीक्षण जरूरी है। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### हेल्पलाइन नंबर ठग का निकला

**भिलाई।** भिलाई बस की आनलाइन बुकिंग के लिए नेटवर्क की खराबी से टिकट कैंसल हो जाने पर पैसा रिफण्ड के लिए गूगल से मिला हेल्पलाइन नंबर ठग का निकला। उसने टेक्निशियन को एक ऐप डाउनलोड कराकर खाते की पूरी जानकारी देकर 7 लाख से ज्यादा की रकम की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है स्मृति नगर चौकी ने बताया कि ओमप्रकाश लिल्हारे (46वर्ष) कोहका निवासी हाइटेक अस्पताल स्मृतिनगर में टेक्निशियन का कार्य करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अप्रैल को बीजापुर गया था। वहां से मैने रेड बस सर्विस से आनलाइन टिकट बुक करवाया था। नेटवर्क की खराबी के कारण टिकट बुक नहीं हो पाया तथा 1659 रुपए प्रार्थी की पत्नी के खाता से कटा था और प्रार्थी का टिकट कैंसल हो गया। प्रार्थी बीजापुर आया तो नेटवर्क से आनलाइन रेड बस टिकट का पैसा रिफण्ड के लिए आनलाइन हेल्पलाइन नंबर गूगल में तलाश किया तो मिला, जिसमें मैने कॉल किया तो आपकी सहायता करूंगा की बात की फिर उनके द्वारा फोन काट दिया। उसके बाद दूसरे नंबर से राज मल्होत्रा नाम व्यक्ति ने कॉल किया और फिर वाट्सअप कॉल किया। प्रार्थी को एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। फिर प्रार्थी ने ऐप डाउनलोड किया और अपनी पत्नी के खाता की पूरी जानकारी आईडी पासवर्ड सहित ऐप मे एंट्री कर दिया इस तरह से खाते से कुल 731399 रुपए की आनलाइन धोखाधड़ी हो गई स्मृति नगर चौकी प्रभारी ने बताया कि पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि साइबर अपराध के संबंध में लोगों को जागरुक कर रही है।

# महिंद्रा स्पंज एवं पावर ने कई स्कूलों में जरूरी इंतजाम किए



**भिलाई, 2 मई।** महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा में वाटर कूलर ,शौचालय ,और चबूतरा तथा शासकीय प्राथमिक शाला में शौचालय और पानी पिने हेतु नल लगवाया गया सभी का लोकार्पण ग्राम पंचायत परसदा की सरपंच श्रीमती सरोजनी वर्मा एवं पंचो द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया तथा महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा द्वारा परसदा में स्वास्थ केंद्र का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए भूमि का भी अवलोकन ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया किया गया महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के ?म डी मनोज अग्रवाल ने कहा की ग्राम पंचायत परसदा में हमारे द्वारा स्वास्थ केंद्र का निर्माण करवाया जाना है जिसकी भूमि आबंटित होते ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ग्राम पंचायत परसदा की सरपंच सरोजनी वर्मा ने कहा की स्कुल में वाटर कूलर लगाए जाने से स्कूल के बच्चो के साथ साथ ग्रामीणों को भी भीषण गरमी में पिने के लिए शीतल जल मिलेगा और सभी विकास कार्यो के ग्रामीणों की तरफ से महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा को धन्यवाद देती हु कार्यक्रम में महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के आर के तिवारी ,श्री निवास राव ,के साथ परसदा के ग्रामीण और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करने प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

धमतरी 2 मई। स्वामित्व योजना के तहत जिले के राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि की जीआईएस प्रणाली द्वारा भू-सर्वेक्षण कर अभिलेख तैयार करना प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने सर्व साधारण के लिए उद्घोषणा जारी करने, सूचनाओं की तामिली की अभिस्वीकृति की पंजी संधारण करने एवं ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करने तहसीलवार संबंधित तहसीलदार को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। इनमें धमतरी, कुरूद, भखारा, मगरलोड, नगरी, कुकरेल और बेलरगांव तहसील के तहसीलदार शामिल हैं। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामित्व योजना के तहत जिले के 501 राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण कर अधिकार अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। कार्यान्वयन एजेंसी सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी, कुकरेल, भखारा के क्रमशः 19, 10, 23, 27, 13, 11 कुल 103 ग्रामों के 227 शीटों का मसौदा मानचित्र (मेप-2) आवश्यक सुधार एवं आबादी भूमि के सभी भूखण्डों को क्रमांकित कर संपत्ति धारकों का विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रविष्ट कर उपलब्ध कराया गया है। प्रारूप अधिकार का प्रारंभिक प्रकाशन परिशिष्ट-7 में किया जाना है। सूची में दर्शित ग्रामों के प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन 2 मई से संबंधित ग्राम पंचायत में कराया जाना है। इसके लिए ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को दिए हैं।

### जिला स्तर पर हेल्पडेस्क नंबर स्थापित

**धमतरी 2 मई।** परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए राज्य शासन ने पालक शिक्षक बैठक (पीटीएम) समय-समय पर लेने के लिए प्राथमिकता तय की है। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किये जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर परीक्षा परिणाम से मुक्त करने के लिए पालकों एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने जिला स्तर पर हेल्पडेस्क नंबर 07722-230989 स्थापित किया गया है।

### 105 वर्षीय कन्हैया राम ने किया अपने घर में मतदान



**रायपुर 2 मई।** लोकसभा चुनाव-2024 में निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कांदुल साहूपारा निवासी श्री कन्हैया राम बंछोड की उम्र 105 वर्ष की उम्र में लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाने का जज्बा दिखा। आज उनके घर मतदान दल जब पहुंचा तो वे और उनके परिजन खुशी से खिल उठे। मतदान दल में तहसीलदार श्रीमती तुलसी राठौर सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने सबसे पहले जाकर उनके परिजनों को श्री कन्हैया राम को बुलाने का आग्रह किया। उस समय क्षण भर के ही भीतर श्री कन्हैया लाल वोटिंग टीम के पास पहुंच गए। दल के सदस्यों ने प्रक्रिया शुरू की और श्री कन्हैया ने अंगुठा लगाकर प्रक्रिया पूर्ण की। उनकी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई गई उसके बाद उन्होंने मतदान किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। श्री कन्हैया राम बंछोर के सुपुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हमेश निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा लेते रहे मतदान करते रहे। उनके सुपुत्र ने कहा कि उनकी स्वयं की उम्र 60 वर्ष है। उन्होंने हमेशा अपने पिता को मतदान करते देखा है। मगर आज इस उम्र में आने के बाद उन्हें मतदान केन्द्र जाने में तकलीफ हो रही है। पिछले कुछ चुनाव में उनकी ईच्छा को देखते हुए हम उन्हें सहारे से मतदान के लिए ले जाते थे। मगर अब उन्हें मतदान केन्द्र जाने में तकलीफ हो रही थी। होम वोटिंग की सुविधा से यह आसान हो गया है। इस पर श्री बंछोर ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

### दिव्यांग शबनम ने किया मतदान

**रायपुर 2 मई।** टवेल्थ फेल फिल्म में एक दृश्य इंटरव्यू का है। फिल्म के नायक यूपीएससी



परीक्षा का इंटरव्यू दिलाने बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होते हैं। बोर्ड उनसे कहता है कि जब हमारे पास आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों से पढ़े लोग हैं तो हम एक टवेल्थ फेल कैंडीडेट को क्यों चुने। फिल्म का नायक कहता है कि क्योंकि मैंने कठिन परिस्थितियों का सामना कर यह मुकाम हासिल किया है। आप एवरेस्ट में आक्सीजन सपोर्ट से चढ़ने वाले पर्वतारोही की प्रेरणा को बड़ा मानेंगे या उस पर्वतारोही को जो बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के चढ़ा। ऐसा ही जज़्बा लोकतंत्र के इस पर्व में देखा जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा 85 साल से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। हमारे दिव्यांगजन अपने हौसले के साथ मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण रायपुर ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कांदुल में रहने वाली दिव्यांग बिटिया सुश्री शबनम यादव का है। उसने आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पहले की तरह इस बार भी मतदान के अधिकार का उपयोग करने से उनके चेहरे में खिलखिलाहट थी लेकिन एक अंतर था। इस बार मशक्कत काफी कम हो गई थी इसलिए उसकी खुशी कई गुना बढ़ गई। लोकतंत्र में मताधिकार का उपयोग जागरूक नागरिक के लिए बहुत मायने रखता है।

# 1 लाख मनरेगा मजदूरों ने कार्य की गुणवत्ता और 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने की ली शपथ

**धमतरी 2 मई ।** मजदूरों की उपलब्धियों का सम्मान और उनके द्वारा दिये गये योगदान को याद करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। धमतरी जिले के सभी विकासखंड और ग्राम पंचायतों में मजदूरों को संगठित कर आपसी एकता मजबूत करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर जिले के 1 लाख से ज्यादा मनरेगा मजदूरों ने एक साथ शपथ ली। इस दौरान जिले की 370 ग्राम पंचायतों के लगभग 5 हजार 500 वरिष्ट मजदूरों को श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के सभी मजदूरों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तप्ती गर्मी में जब हम अपने घर से भी बाहर जाने के लिए भी चूकते हैं, मजदूर लगातार काम करते रहते हैं और इकॉनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए अपना योगदान देते रहते हैं। आज मैं हर उस मजदूर को धन्यवाद देती हूं जो अपने घर से बाहर निकलकर अपने श्रमदान देते हुए अपना योगदान देते हैं। धमतरी जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सभी नरेगा मजदूरों ने आज इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया है। इस अवसर पर नरेगा स्थल पर अनेक तरह के कार्यक्रम किए गए। शपथ ली गई कि कार्य को



सुचारू और अच्छे ढंग से किया जाएगा और गुणवत्ता पर ध्यान दिया जायेगा। शपथ ली गई कि हर अंतिम व्यक्ति को जिसे मजदूरी की आवश्यकता है, उसे मजदूरी दी जायेगी और गांव के विकास के लिए अपना योगदान दिया जायेगा।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने सभी मजदूर भाइयों एवं बहनों को विश्व मजदूर दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का समाज में योगदान न केवल आर्थिक रूप से है बल्कि उनके अधिकारों और सामाजिक स्थिति के मामले में बहुत महत्वपूर्ण है। धमतरी जिले में मनरेगा योजना के तहत कुल 01 लाख 45 हजार 899 सक्रिय पंजीकृत परिवार हैं जिसमें 02 लाख 99 हजार 818 श्रमिक हैं और 01 लाख 49 हजार 909 सक्रिय महिला श्रमिक लाभान्वित हो रहे हैं। 50 दिवस से अधिक कार्य किये श्रमिकों का कार्यस्थल में उनका हौसला बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया।

जिले में संचालित मनरेगा के कार्यस्थल पर उपस्थित मजदूरों में छत्तीसगढ़ी बोली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत गांव के जम्मो कमइय्या मजदूर मन 01 मई ला मजदूर दिवस के रुप मा मनावत ए शपथ लेवत हन के योजना के तहत एक वित्तीय वर्ष मा कम से कम 100 दिवस के मजदूरी कमा के आजीविका गतिविधि ले आत्मनिर्भर बनबो। हमन यहू जानथन के गरमी के दिन मा गहरावत जल संकट ले निबटे बर कुंआ, तालाब, डबरी म पानी ला संजो के ओखर उपयोगिता ला जन-जन तक बगराबो। अपन कर्तव्य के प्रति जागरूक हो के पानी ला संजोये खातिर लोगन ला प्रेरित घलो करबोन। स्वीकृत कार्य ला ईमानदारी से करबो अउ गांव ला आदर्श गांव बनाबो।

# कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेसिंग से बीईओ और बीपीएम से की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 2 मई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को पालकों एवं शिक्षकों की मदद से दूर करने संबंधी कार्ययोजना तैयार की। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होगा। विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से कुछ विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं। इन सभी कारणों से बच्चों को सुरक्षित रखने हेतु जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव एवं डिप्रेशन को दूर करने 4 मई 2024 को सवेरे 9 बजे से जिले के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में पालक-शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया जाना है।

विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर सुश्री गांधी ने विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए विडियो क्लीप और पोस्टर तैयार करने कहा। उन्होंने कहा कि विडियो क्लीप और पोस्टर स्थानीय भाषा में तैयार किये जायें ताकि बच्चे आसानी से समझ सकें। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे बच्चें जो पढ़ाई में बहुत तेज या कम हो उनकी सूची तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकासखंडों में कंट्रोल प्रारंभ किया जाये, जिसमें काउंसलर पालकों या बच्चों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण कर सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जब आप पालकों या अभिभावकों से चर्चा करें तो तनाव या अवसाद के लक्षणों के बारे में भी उन्हें जानकारी दें ताकि वे समझ सकें कि बच्चे के मनोस्थिति क्या है। उपस्थित अधिकारियों ने अपना सुझाव देते हुए कहा कि सभी स्कूलों में एक लेटर बाक्स स्थापित किया जाए, ताकि कोई बच्चा किसी कारणवश अपनी बात नहीं रख पा रहा हो तो वह बिना संकोच के पत्र के माध्यम से अपनी बात रख सके। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए। बच्चों की योग्यता उनके परीक्षा के अंकों से तुलना न करें, रिजल्ट को जीवन का पड़ाव मानते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने आसपास ऐसा माहौल बनाने का आग्रह किया, जिसमें बच्चे एक सुखद वातावरण में रहे और अपने मन की बात बिना किसी संकोच के अपने अभिभावक, पालकों, भाई-बहनों या अपने मित्रों से कह सकें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण है, जो अपनी पढ़ाई के जीवन में कुछ अच्छा नहीं कर पाये लेकिन अपनी योग्यता व अनुभव के आधार पर उन्होंने अपनी योग्यता को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टीआर जगदल्ले, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री डीके हरदहा, सीएमएचओ डॉ एसके मंडल, सहायक संचालक शिक्षा श्री एलडी चौधरी, डीपीएम सुश्री प्रिया कंवर के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डोंगरगांव पुलिस को हत्या के मामले में मिली बड़ी सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 मई।** 28 अप्रैल को सुबह लगभग 06.30 बजे से 07.00 बजे के बीच ग्राम जामसरार कला में सिचाई मोटर पंप को स्टाट करने के दौरान वहा काम करने वाले मजदूर नरेश कुमार ओटी की ब्लास्ट से मौके पर मृत्यु हो गई जिससे उसक चहेरा, सिर, हाथ क्षत विक्षत हो गया। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था की मौके पर ढाई से तीन फिट गड्ढा बन गया व मृतक का शव करीब 26 फिट दूर जा गिरा। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन पर दुर्ग एफएसएल की टीम, सायबर सेल राजनांदगांव प्रभारी निरी0 जितेन्द्र वर्मा की टीम एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे तत्काल टीम गठित कर घटना स्थल पहुंच कर निरीक्षण करने व आरोपी की पतातलाश करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे अज्ञात हत्यारा आरोपी के खिलाफ अप0 क्र0 104/24 धारा 302



भादवि विस्फोटक पदार्थ अधि0 की धारा-3, 5 अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इस दौरान प्रार्थी से उसके फार्म में काम करने वाले मजदूरों व पूर्व रंजीस रखने वाले की संबंध में जानकारी ली गई। जो जामसरार गांव का कुमान कंवर का पूर्व से वैष्णव परिवार से रंजीस होना व बिजली मिस्त्री का काम करना व पूर्व अपराधिक रिकार्ड होना पाया गया। कुमान कंवर का वैष्णव परिवार के साथ छोटी-छोटी बातों पर पूर्व से विवाद होते रहना व सन 2015 में संतोष वैष्णव के मां मनोरमा वैष्णव नगर पंचायत में खड़ी हुई थी तथा आरोपी की पत्नि जमुना बाई ग्राम जामसरार कला की पंचायत चुनाव लड़ी थी इसी चुनावी माहौल में पूर्व में वैष्णव परिवार व आरोपी के मध्य वाद विवाद हुआ था। पूर्व में आरोपी के पूर्वज के द्वारा पैतृक जमीन को वैष्णव परिवार को बेचा गया था। जिसका प्रकरण न्यायलय में विचाराधीन है। नवंबर-दिसबंर 2023 में सुनील वैष्णव उर्फ पप्पू के साथ फसल कटाई के संबंध में पूनः वादविवाद हुआ था जिससे आरोपी के मन में वैष्णव परिवार के प्रति बदला लेने और आक्रोश की भावना आ गई थी। आरोपी पूर्व से बिजली इलेक्ट्रीश्यन का काम भली भाती जानता है व बिजली विभाग में भी अस्थाई तौर पर ठेकेदारी में बिजली मिस्त्री का काम करता है। आरोपी के द्वारा पूर्व से ही दिवाली में फोडने वाला फटाका (बम) को लाकर अपने घर की बाड़ी में छोटा बम तैयार कर सेल बैट्री के माध्यम से फोडा था। जिसमें सफल रहा धीरे-धीरे दीवाली के समय से अत्याधिक मात्रा में बम पटाखा का बारूद ईकठ्ठा कर कचरे के डिब्बे से एक प्लास्टिक का डिब्बा में बारूद भर कर वायर कनेक्शन कर बम तैयार कर अपने घर में छुपा कर पूर्व से रखा था। बम फोड़ने के लिये कनेक्शन के लिये बिजली दुकान से वायर पूर्व से खरीद कर रखा हुआ था। आरोपी जानता था की पानी मोटर को रोज सुबह सुनील वैष्णव आकर चालू करता है। केवल समय का इंतजार कर गड्डा खोद कर कनेक्शन करना शेष था।

### चिखली हत्या का सहआरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 2 मई।** प्रार्थी दिनेश साहू पिता स्व0 चतुर राम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन क्रबिस्तान के पिछे वार्ड नं0-07 रामनगर ओपी चिखली थाना कोतवाली राजनांदगांव रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24.04.2024 के रात्रि करीबन 21:00 शकरपुर मदरसा मैदान के पास ईश्वर साहू के घर सामने गली में विवाद को लेकर छोटू राधे उर्फ अविनाश व अन्य के द्वारा लडाई झगडा कर मारपीट करने से हाथ मुक्का डण्डा और किसी धारदार वस्तु से वार करने से महेश उर्फ छोटू साहू को सिर व गले में चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजिबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त मामला की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दिया गया, बाद श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जिला राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, के दिशानिर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में टीम गठित कर प्रकरण आरोपी छोटू राधे उर्फ अविनाश व अन्य के पतासाजी की जा रही थी।

## समाचार संक्षेप

### छग पंजाबी महिला मंडल ने छाछ एवं सकोरा वितरण किया




**रायपुर 2 मई।** छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला मंडल के द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष में मरीन ड्राइव में छाछ एवं चिड़ियों के दाना पानी के लिए सकोरा वितरण किया गया इसमें इस कार्यक्रम में अध्यक्षा रेनू गुप्ता , सचिव मीना बजाज ,उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी बजाज, कोषाध्यक्ष उमा डूडेजा सहसचिव प्रिया नारंग, उर्मिला अरोड़ा, सन्तोष सूरी,सुरेखा कुमार, रीता चोपड़ा ,बिंदु बग्गा , अलका मोदी , किरण बत्रा, शशि डूरेजा, अंजू अरोड़ा सदस्य उपस्थित थे।

### मजदूर दिवस पर किया 54 यूनिट रक्तदान



**रायपुर. 01 मई।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन सप्लाई यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन सप्लाई यूनियन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार श्री मनीष और मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से डॉ. अविरल मिश्रा की निगरानी में संपन्न हुआ। रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. स्नेहा , डॉ. शुभम, डॉ. शुभम मत्स्यपाल, डॉ. श्रुति , मनोज दास, जितेन्द्र यादव,हेमा कश्यप, भूमिका यादव, राकेश बंजारे, ज्योति प्रकाश सिन्हा और राकेश शर्मा थे। सभी के विशेष सहयोग से यह रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### कैट ने शत प्रतिशत मतदान करने व्यापारियों से आग्रह किया: अमर

**रायपुर 2 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर



पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की। बैठक में कैट ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह किया गया। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि बैठक में कैट ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह किया गया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरणों का चुनाव हो चुका है। तीसरे चरण का चुनाव दिनांक 7 मई 2024 दिन मंगलवार को होने जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल लिया हैं उन्होने आगे कहा कि जैसे कि हम व्यापारियों ने विधानसभा चुनाव में मतदान हेतु बढ चढ कर अपना योगदान किया था। ठीक उसी प्रकार इस बार लोकसभा चुनाव 2024 में भी अपना योगदान करना हैं। कैट प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह करती है। कि पहले मतदान फिर दुकान, आप सभी से निवेदन है कि आप सबसे पहले अपना वोट, फिर अपने परिवार का वोट, अपने कर्मचारियों का वोट, उनके परिवार का वोट, अपने पडोसियों का वोट एवं अपने दुकान के आस-पास के लोगो का वोट करायेगे उसके बाद ही अपने व्यापार को स्टार्ट करेगें। हम प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों ने इस लोकसभा चुनाव में शतः प्रतिशत मतदान का करने का संकल्प लेते है।

# सरस्वती शिशु मंदिर नगरी का परीक्षा परिणाम घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 2 मई।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल नगरी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा अरुण में बहन मीनाक्षी कश्यप 100त्र प्रथम, पियांस साहू 98.33त्र द्वितीय, कक्षा उदय भैया कान्हा सोनी 97.33त्र प्रथम, साकेत साहू 96.96त्र द्वितीय, कक्षा प्रथम पूनम निर्मलकर 99.50त्र प्रथम गौरव कुमार साहू 98त्र द्वितीय, कक्षा द्वितीय बहन राजभारती साहू 94.50त्र प्रथम जानवी साहू 92त्र द्वितीय, कक्षा तृतीय विभा साहू 98त्र प्रथम, भूपति साहू 97त्र द्वितीय, कक्षा चतुर्थ गीतांजलि सेन 86.50त्र प्रथम बहन तेजस्विनी साहू 85त्र द्वितीय, कक्षा पंचम हिमांशु मरकाम 97.50त्र प्रथम जागृति साहू 96.50त्र द्वितीय, कक्षा षष्ठम बहन मेघा निषाद 85.67त्र प्रथम दिव्यानी साहू 84.83त्र द्वितीय, कक्षा सप्तम शिखा साहू 92त्र प्रथम गगन कुमार साहू 90.50त्र द्वितीय, कक्षा अष्टम खुशबू नेताम 95त्र प्रथम दीपांशु कुमार सोनवानी 88.50त्र द्वितीय, कक्षा नवम भैया सानिध्य पटेल 88.33त्र प्रथम भैया रुद्र प्रताप साहू 83.17त्र द्वितीय इस



प्रकार परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री एस. के. प्रजापति प्राचार्य स्वामी आत्मानंद श्रृंगी ऋषि हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी, विद्यालय समिति के श्री उत्तमचंद गोलछा अध्यक्ष, श्री जीवन लाल नाहटा सचिव, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुरेश साहू अध्यक्ष, श्रीमती चेलेश्वरी साहू उपाध्यक्ष पालक समिति, साथ ही श्रीमति गोदावरी साहू, बृजलाल सार्वा, प्रफुल्ल चंद साहू प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदियों ने सभी भैया बहनों की उज्जवल भविष्य की कामना की। यह सूचना प्रचार प्रसार प्रमुख श्रीमती सारिका यादव द्वारा दी गई है।

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें: कलेक्टर

■ कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता के लिए अधिकारियों ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल की समस्या न हो इसके लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा। उन्होंने पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निदान करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की



उपलब्धता के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों से जिले में स्थापित हैण्डपम्प एवं बोरवेल की जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन तथा नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामों एवं नगरीय निकायों में हैण्डपम्प और बोर चालू हालत में रहे। जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल सके।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि गांव में जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर समस्या का समाधान करें। ऐसे ग्राम जहां पेयजल की समस्या आ रही है उसका चिन्हांकन कर निराकरण करने के लिए जनपद सीईओ को निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में मोटर खराब हो गई, वॉल्व खराब हो गया उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में पूर्व से पेयजल संबंधित समस्या ग्रीष्मकाल में आती है या भूजल का स्तर गिरता रहा है वहां पहले से सतर्कता से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। जल संरक्षण का काम लगातार करना चाहिए, जिससे ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ेगा। जिन गांवों में पानी की समस्या है उन गांवों का चिन्हांकन उसका स्थायी समाधान निकालने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें और पेयजल के लिए पाइप या अन्य व्यवस्था करते समय इस बात का ध्यान रखें की जनसामान्य को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कम पानी की आवश्यकता वाले मक्का जैसे अन्य फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री जीडी रामटेके, कार्यपालन अभियंता नगर निगम श्री यूके रामटेके, जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

## साय सरकार की एक और बड़ी सफलता

कोई भी सरकार जो करना चाहे, वह करना उसके लिए कोई मुश्किल काम नहीं होता है। सरकार करना न चाहे तो वह काम उसे असंभव लगता है। कई सरकारे आई गई लेकिन नक्सलियों के सफाए के लिए वैसे कदम नहीं उठाए गए जिससे उनका उनके प्रभाव क्षेत्र में सफाया हो पाता। साय सरकार से पहले तीन सरकारें हुए लेकिन किसी ने नक्सलियों के सफाए को सोची नहीं, ज्यादा से ज्यादा नक्सलियों के खिलाफ रूटीन की जो कार्रवाई होती थी,वह की जाती रही। नक्सलवाद को एक क्षेत्रविशेष तक सीमित करने का प्रयास रहा। इसका परिणाम यह था बस्तर दो हिस्सों में बंटा हुआ था एक इलाका नकसलियों के नियंत्रण का माना जाता था और एक इलाका सरकार के नियंत्रण का माना जाता था। इससे नक्सलवाद की समस्या कोई भी सरकार रही,हमेशा बनी रही। अक्सर यही लगता था कि सरकार पर नक्सली हावी है, वह कभी भी, कहीं भी, कुछ भी कर जाते थे और सरकार कुछ कर नहीं पाती थी, उनकी घेरेबंदी कर उनको मार तक नहीं पाती थी, वह वारदात करने के बाद आसानी से भाग जाते थे। पुलिस व अर्ध सैनिक बल क`जवानों को हर साल कहीं भी घेर कर मार देते थे, कई इलाकें तो ऐसे थे कि जहां पुलिस व जवान जाते नहीं थे। अबूझमाड़ ऐसा ही इलाका था। बघेल सरकार जाने के बाद साय सरकार आई तो पहील बार नक्सलियों के सफाए के लिए गंभीर प्रयास किए गए। यही वजह है कि साय सरकार के समय पुलिस व जवानों को नक्सलियों के सफाए में बडी कामयाबी मिल रही है। इसका बहुत कुछ श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है जिन्होंने बघेल सरकार के समय से इसके लिए कोशिश शुरू कर दी थी। उनही की कोशिशों का परिणाम है कि बस्तर में आज बहुत सारे कैंप खुल सके हैं। पहले तो बस्तर में नक्सली कैंप खुलने ही नहीं देते थे, कैंप खुलते की खबर से ही नक्सली ग्रामीणों को विरोध के लिए तैयार कर लेते थे और ग्रामीण नक्सलियों के दवाब में कैंप खोलने का जमकर विरोध करते थे, इससे बस्तर में कैंप कम ही खुल सके थे। बाद में कैंप के जरिए कई तरह के अभियान चलाकर ग्रामीणों का विश्वास जवानों ने जीता और ग्रामीणों को एहसास दिलाया कि कैंप तुम्हारे भले के लिए है, कैंप खुलने से तुम लोगों को नक्सलियों के आंतक से मुक्ति मिलेगी। इसके बाद की कैंप खुलने की रफ्तार तेज हुई। एक के बाद कैंप खोले गए, अबूझमाड़ तक में कैंप खोले गए। कैंप खोले जाने के कारण ही आज नक्सलियों पर हमले संभव हो पा रहे हैं। कैंप खोले जाने के कारण ही नक्सली हमले कम हो गए हैं। नक्सलियों की गतिविधियां पहले की तरह संभव नहीं हो पा रही है। नक्सलियों को पुलिस व जवानों की मूवमेंट की खबर नहीं मिल रही है। इसकी जगह अब पुलिस व जवानों को नक्सलियों के मूवमेंट की खबर मिल रही है और पुलिस व जवान उनकी घेरेबंदी कर उनको मार गिराने में सफल हो रहे हैं। वही पुलिस है, वही जवान है, लेकिन हौसला बढ़ा हुआ है, कहीं विश्वास है कि हम भी नक्सलियों को मार सकते हैं। हम उनका सफाया कर सकते हैं। यह हौसला, यह विश्वास साय सरकार की बडी सफलता है। बघेल सरकार के समय भी यही जवान थे लेकिन कही न कहीं उन पर दवाब था कि नक्सलियों के इलाके में जाकर कुछ न करें, भले ही यह जवानों की रक्षा के लिए सोचा जाता रहा हो लेकिन इसका परिणाम यह होता था एक इलाके में नक्सली सुरक्षित तो रहते थे, साय समय अब नक्सलियों के लिए कोई इलाका सुरक्षित नहीं रह गया है। एक माह के भीतर तीन बड़े हमले में 50 नक्सलियों का मारा जाना बहुत बडी सफलता है। दो अप्रैल को पहली बड़ी सफलता मिली थी जब 9 नक्सली मार गिराए गए थे, इसके बाद 16 अप्रैल को 29 नक्सली मारे गए थे, इसके बाद 30 अप्रैल को नारायणपुर जिले के महाराष्ट्र की सीमा लगे अबुझमाड़ क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। एक माह में इतने ज्यादा नक्सली कभी नहीं मारे गए, कभी कभी तो इतने नक्सली एक साल में नहीं मारे जाते थे। इसलिए यह साय सरकार की बड़ी सफलता है, इस सफलता के कारण अब नक्सलियों का सरेंडर करना बढ़ गया है। नक्सली इस तरह मारे जाएंगे तो उनमें मारे जाने का डर पैदा होगा और वह सरेंडर करने को विवश होंगे।

विश्लेषण

मनोज कुमार अग्रवाल

# दुनिया में जारी है दो रोटी की जंग



इक्कीसवीं सदी में जहां दुनिया विज्ञान और विकास के बड़े प्रतिमान गढ़ रही है इस के बावजूद दुनिया के देश लाख तरक्की का दावा करें लेकिन आज भी दुनिया की एक बड़ी आबादी की पहली समस्या दो जून का भरपेट भोजन है जो लाख कोशिश करने के बाद भी सबको मयस्सर नही होता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी %ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस% रिपोर्ट 2023 जारी की है। इस रिपोर्ट में जानकारी देते हुए कहा है कि विश्व के 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो अनुसार अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवें चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं। इसी के साथ उनके अकाल का सामना करने के लिए मजबूर होने का दौर भी शुरू हो सकता है। साथ ही 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 5,77,000 अकेले गाजा में हैं। संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।

2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में, 2023 के आंकड़े जारी किए गए है इनका विश्लेषण करने के बाद जो तथ्य सामने आए हैं वह भारत के लिए भी चिंता जनक है सरकार बेशक लाख दावा करते नहीं थक रही है कि उसने पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल दिया है लेकिन यह अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट कुछ और बयान कर रही है इसके मुताबिक भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है । 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है। सरकारी आंकड़ों की बदौलत सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाकर खुश है लेकिन यह स्थिति बेहतर नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र की उपरोक्त रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए दुनिया के सभी सम्पन्न देशों समेत हम भारतीयों को खाद्य पदार्थों के प्रति अधिक सतर्क होने की आवश्यकता है। विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, यहां पर आज खाद्यान्न पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लेकिन विश्व स्तर पर जहां करोड़ों लोग भूख के कारण परेशानी भुगत रहे हैं उनको मद्देनजर रखते हुए हमें अन्न व खाद्य पदार्थों की बर्बादी को गंभीरता से रोकने की आवश्यकता है। विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, यहां पर आज खाद्यान्न पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लेकिन विश्व स्तर पर जहां करोड़ों लोग भूख के कारण तड़पने को मजबूर हैं, वहीं करोड़ों भारतीयों को भी बड़ी मुश्किल से एक वक्त का खाना मिलता है। स्थिति और विकट हो सकती थी अगर भारत सरकार 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन न देती।शर्मनाक बात यह है कि कुछ जरूरतमंद आज भी वंचित रह जाते हैं जबकि भ्रष्टाचार के चलते कुछ संपन्न व समर्थ लोग भी जरूरत नहीं होने के बावजूद राशन का अन्न लेने में सफल हो जाते है जिन्हें जरूरत नहीं है इस मुफ्त मिले अनाज को ले लेते हैं और फिर उस का दुरुपयोग करते हैं।

भारत में खाद्यान्न उत्पाद को सुरक्षित रखने के लिए पूरे गोदाम भी उपलब्ध नहीं, इस कारण भारी मात्रा में अनाज



खुले में रखने पड़ते हैं, जिस कारण काफी बर्बादी होती है इस के अलावा सरकारी अनाज के भंडारण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी व लापरवाही हैं सैकड़ों हजारों टन अनाज खेतों और सरकारी गोदामों में चूहे चटट कर जाते हैं वहीं हजारों टन सही रखरखाव के अभाव में नष्ट हो जाता है । वहीं अन्न की बर्बादी का एक बड़ी दूसरी वजह शादी-विवाह तथा अन्य आयोजन अवसरों पर आवश्यकता से कहीं अधिक मात्रा में भोजन तैयार करने विभिन्न वैरायटी बनाने के कारण कई बार बहुत अधिक भोजन बेकार बच जाता है। इस के साथ ही जरूरत से अधिक भोजन परोसने से जूठन के रूप में भी काफी मात्रा में अन्न की बर्बादी होती है। सरकार सम्पन्न लोगों के विवाह व अन्य आयोजन में भोजन की वैरायटी को नियंत्रित करने के लिए नियम बना सकती है लेकिन सरकार में संपन्न वर्ग को नाराज करने का साहस नहीं है एक एक समारोह में सौ सौ डिश सब्ज़ी दाल मिठाई पेय की वैरायटी रखना जबकि उस का दस फीसदी ही उपयोग में लाया जाता है नब्बे फीसदी भोजन सामग्री खराब हो कर बर्बाद हो जाती है। क्या सम्पन्नता भोजन की बर्बादी करने का अधिकार देती है वह भी ऐसे देश में जहां करोड़ों लोगों को भोजन उपलब्ध नहीं है। अभी बात सिर्फ भोजन भर की है अगर पोष्टिक भोजन की बात की जाए तो स्थिति बदल से बदतर मिलेगी। समृद्ध परिवारों में भी अन्न की बर्बादी होना एक आम बात है। जिस तरह भारत समेत विश्व की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है उससे स्पष्ट है कि जन साधारण के लिए पेट भरने की समस्या भी बढ़ती चली जाएगी। अन्न का उत्पादन धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अन्न तथा अन्य खाद्य पदार्थों की बर्बादी पर अंकुश लगाना होगा।

अन्न व अन्य खाद्य पदार्थों की बर्बादी भूख गरीबी और मानवता के मानवीय पहलू का उपहास है। खाद्य पदार्थों को बर्बाद होने से रोकना एक तरह से अन्न उत्पादन करना है। शादी विवाह या पर्वों के समय खाद्य पदार्थों को बचाकर गरीबों में बांटें।भोजन बैंक की योजना को विस्तार दिया जाए। सम्पन्न व समृद्ध परिवार भोजन की बर्बादी करना अपना अधिकार न मानें। हमें अपनी रोजाना की दिनचर्या में भोजन की बर्बादी रोक लगाने के लिए जूठन कम से कम छोड़ने व जरूरत के अनुसार भोजन मात्रा तैयार करने की आदत विकसित करनी होगी । विश्व स्तर पर भूख के कारण तड़पते लोगों को हमेशा अपने दिलो-दिमाग में रखें और हर स्तर पर अन्न व अन्य खाद्य पदार्थों को बर्बाद होने से बचाने के लिए हर व्यक्ति, परिवार, संगठन समाज को अपने-अपने स्तर पर

## सुनो भाई उधो — आंखी झन देखा, तंय मोर का कर लेबे ?

परमानंद वर्मा

अरे गरमी, तू अपनी इतनी गरमी, अहंकार, आतंक और अभिमान मत दिखा। पारा चालीस, पैंतालिस और पचास तक बढ़ा लेने की धमकी देकर धरती वासियों को न डरा-धमका! तू जानता नहीं, एक पल में तुझे दबोच न लूं, पानी न पिला दूं तो मेरा भी नाम बदली नहीं? एक आदेश पर मेरे सारे गण और सैनिक हवा, आंधी, तूफान, बिजली और बादल,पानी एक साथ टूट पड़ेंगे, 'बम बर्डिंग ' कर देंगे जैसे अभी-अभी रूस ने यूक्रेन, इजराइल ने हमास और ईरान पर किया है। क्या हाल हुआ है इनका। इतिहास और पुराणों के पन्ने पलटकर देख लीजिए- अहंकारी सदैव धूल धूसरित हुए हैं। इसलिए ये गरमी अपनी सीमा में रहना सीख, आतंक छोड़ दे। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

देखत हौ एकर चाल ल, गरमी ल आतंक ल चालीस, चवालिस ले ऊपर भागत हे एकर पारा ह, कोन जनी पचास तक ले जाके भु'ज डरही, लेस डरही चिंगरी मछरी कस, ककरो परान नइ बाचही तइसे लागत हे? मउका मिलगे हे, मिल जथे तब कोनो ल छानही मं चढ़के होरा नइ भुंजना चाही। फेर अप्पत मन ल कोन समझावया। पद, पइसा, सत्ता, सुंदरी कस रूप कहूं एक घौं पा लेथे तहां ले अंधरा होय बरोबर कोनो ला कांही नइ समझंय तइसे लागथे। बस एक झन महीच हौं कहिथे।

उधो के मइन्ता आज बड़े बिहनिया ले कोन जनी कइसे हे ते गड़बड़ागे हे। न कोनो एक पाव ओ का कहिथे नहीं सलफी, धन महुआ के उतारे दारू मारे हे, के भांग, अफीम, गांजा अउ हेरोइन दबाय हे। तब फेर अइसे का कारन हे के बिना नशा पानी के घला माते बरोबर ओकर हाथ-गोड़ डोलत हे, गोठियावत बतावत हे। अइसे तो नहीं के कोनो टेडग़ी या फेर घोड़ा करायत के अभेड़ा मं परगे होही? बात के जहर घला जबर होथे, सहे नइ जाय अउ का ले का नइ कर डरय? कोनो फांसी लगा लेथे, तब कोनो रेल मं मर-कट जाथे, जहर खाके अपन जीवन ला होम देथे।

भाठा खार ले आमा टोर के आवत राहय माधो तेकर नजर गसतिहा खार मं गुमसुम थोथना उतारे सांप सूघे असन कलेचुप लरघियाय बइठे उधो ऊपर परगे। ओला कहिथे- अरे भाई उधो, ये दे आम ले जा घर अउ बहू ला कहिबे बने नूनचरा चटनी बना डरही अउ गुराम घला बना लेही। बने खाहौ सुरपुट-सुरपुट।

भाड़ मं जाय तोर नूनचरा आम के चटनी अउ गुराम, तुंही मन खाव चटनी अउ गुराम, बड़काहा मनखे मन के बहुत चोचला, नाज नखरा होथे? मोला नइ चाही तोर आमा। उधो के खखुवाय कस बोली ल सुनके माधो हड़बड़ागे अउ सोचथे- अइसे का होगे एला, एहर तो कभू अइसन बानी के बोलइया नोहय?

माधो सोचथे- जा, जरूर 'घर मं दूनो परानी के बीच मं कुछु बात ल लेके कहा-सुनी होगे होही, तेकर रंज ल मोर ऊपर उतारत हे ?

कोंवर लेवना कस बोली मं सुलहारत माधो कहिथे- उधो भइया, का बात हे संगवारी मोर, गोइसन बिच्छी के डंक मारे सही कुछू बोल दीस का अउ ओतके ओकरे बात ल धर के बगिया गेस। आज तोला पहिली बार देखथौं कइसे तोर चेहरा तमतमाय असन दीखत हे, आगी बरे सही।

उधो मुंह खोलिस अउ किहिस- बात ल सही पकड़े भाई बइद हस ना। नाड़ी ल टमड़ के जइसे बइद मन शरीर के रोग ल जान जथे तइसे तहूं मोर बात ल, चेहरा के हाव-भाव ल देख के रोग ल जान डरे।

माधो पूछथे- त हां, का बात हे तउन ल बता। कोनो मोर संगवारी अउ अइसन सुंदर सखा के मन मं पथरा फेंके हे के समुंदर के लहरा असन चारो मुंड़ा बियाकुल नागिन बरोबर भटकत हे?

तोला का बतावौं माधो- यहा का अतियाचार हे, सुरुज नरायन के, ओला मउका मिले हे ते आगी बरसावत हे। पारा चालीस, पैंतालिस ल छुअत पचास ले छुए ले धर ले हे। अइसने तपही कोनो? जेन ल देखबे तउन पद, परतिष्ठा, धन, सत्ता, रूप अउ विद्या ल पाके कोनो जीव ल तपही? अइसन अहंकार, घमंड नइ करना चाही। अरे इहां अतेक बड़े-बड़े परतापी राजा, महाराजा, सेना, सुंदरी, विद्वान, धनपति होय हे, सबके गरब माटी मं मिलगे हे।

उधो बतावत कहिथे- मैं तोर अतका पढ़े-लिखे अउ कढ़े नइहौं माधो भइया फेर जतका संत समागम करे हौं, गुरु गुसाई अउ ददा-दाई, बबा के मुंह ले जइसन सुने हौं ओला बतावत हौं। कहां गय हिरण्यकश्यप के अहंकार जउन भगवान ले बढ़के समझत रिहिसे अउ जब नरसिंह अवतार रूप धरे भगवान के अभेड़ा मं परिस तब कइसे दांत ल निपोर दीस। कांही ले झन मरौं के वरदान पाके शेर बरोबर गरजत रिहिसे। कंस जउन अपन बाप उग्रेसन ला बंदी बनाके कारागार मं धांध दे रिहिसे, बहिनी देवकी, दमाद वसुदेव के घला लिहाज नइ रखिस। ओकर लइका मन ल मार डरिस। फेर एक झन भांचा बाचगे कृष्ण तउन हे मतुर के राज दरबार मं कचार दीस, ओकर परान पखेरू उडग़े। रावन के का हाल-बेहाल होइस, ये कथा ल सब जानत हौ।

तैं कहना का चाहत हस उधो, तेला साफ-साफ बता, तब ओहर 'अहंकार पुराण' के कथा ला लमियावत बताथे- अब तोला जादा बताय-सुनाय के का मतलब हे। माधो, देश दुनिया के चरित्तर ल तो तैं जानत हस, का होवत हे, का होवइया हे। पूरा छल-कपट बेइमानी, झूठ, धोखाधड़ी, मुंह मं राम-बगल मं छुरी कस हाल हे? जेती देखबे तेती पाखंड अउ पापाचार के खेती लहलहावत हे। जउन कभू मंदिर, मसजिद, गिरिजाघर, गुरुद्वारा के डेहरी मं नइ चढ़े होही, पांव नइ धरे होही तेकर मन के वेशभूषा बदलगे हे, संझा-बिहिनियां धुनी रमाय रामनाम के गटरमाला जपत हे पोथी पुरान पढ़थे। अइसे लगथे- कलजुग नहीं सतजुग मं हम सब जीयत हन। फेर अतेक अनीति, दुख के पहाड़ काबर बरसत हे, सब कोती हाहाकार काबर हे?

सुरुज नरायन घला राम नाम के माला जपे ले धर ले हे माधो, एकर भक्ति तो अउ नइ देखे जात हे। कहां तीस-पैंतीस के पारा मं एहर भजन-गीत गावय, तेकर तमूरा के ताल चालीस-पैंतालिस ले ऊपर चलत हे।

एकर भक्ति के गरमी ल तो देख माधो, एक घौं मं बादर एला घपट के दबोच लेथे ते एकर हक्का-बक्का बंद हो जथे। चारो मुड़ा अंधियार छा जाथे। अतेक अहंकारी सुरुज नरायन तेकर चाल बादल के आघू मं घुसड़ जथे। मोला न कोनो टेडग़ी डसे हे, न घोड़ा करायत। ये अहंकारी मन के चाल ल देखथौं तब मगज छरिया जथे।

व्यंग्य

## एक कुर्सीधारी की कहानी

डॉ.सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हे भगवान, ये कुर्सी और सिंहासन के चक्कर में हम कितने चूर-चूर हो गए हैं, न? पहले जब कोई सिंहासन पर बैठता था, तो वह सिंह बन जाता था, और अब कुर्सी पर बैठते ही व्यक्ति को लगता है कि वह तानाशाह बन गया है! पर बात तो यह है कि सिंहासन और



कुर्सी में कुछ ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है। जैसे ही कोई कुर्सी पर बैठता है, उसकी अहमियत का सिंह बनकर उसके दिल में दहाड़ने लगता है! और इस तंत्र की उत्पत्ति पर क्या कहें! यह अंग्रेजों की देन है, पर कुर्सी का सिंहासनी अस्तित्व हमारे देश में बहुत पहले से है। जब किसी हिन्दुस्तानी को पहली बार किसी सिंहासन जैसी कुर्सी पर बैठने का मौका मिलता है, तो उसके दोस्त और चमचे उसे %चीयर% कहते हैं। %चीयर% का अपभ्रंश %चेयर% हो गया, और अब यह शब्द हिन्दुस्तान की हर गली-मोहल्ले में मिल जाता है! कभी-कभी मुझे लगता है कि हम सभी भगवान के एक ही चुटकुले हैं, और वह है - ÷कुर्सी पर बैठने के बाद सबका सिर घुम जाता है!÷ अरे भगवान, यही है हमारी हालत। पहले जब कोई सिंहासन पर बैठता था, तो वह सिंह बन जाता था, और अब कुर्सी पर बैठते ही व्यक्ति को लगता है कि वह तानाशाह बन गया है! पर यह सब कुछ भी नहीं है। जैसे ही कोई कुर्सी पर बैठता है, उसकी अहमियत का सिंह बनकर उसके दिल में दहाड़ने लगता है!




पहले बात तो यह है कि अंग्रेजों ने हमें तो कुर्सी का सिंहासनी अस्तित्व दिया, पर क्या हम उनका स्वागत करें? और जब हिन्दुस्तानी को पहली बार किसी सिंहासन जैसी कुर्सी पर बैठने का मौका मिलता है, तो उसे उसके दोस्त चीयर कहते हैं! चीयर का अपभ्रंश चेयर हो गया, और अब यह शब्द हिन्दुस्तान की हर गली-मोहल्ले में मिल जाता है! मेरा एक मित्र था, उसने एक बड़ी सी कुर्सी पर अपना हक जमाया। पर क्या था! जैसे ही उसने उस पर बैठने का दावा किया, उसके मुँह से टेढ़े शब्द निकलने लगे! उसका टेढ़ा मुँह सीधे होने के बाद उसके शब्द भी सीधे हो गए, पर जब मैंने उसकी कुर्सी की जाँच की, तो मुझे उसके अंदर खटमलों की भीषण सेना का पता चला! और उन खटमलों ने मुझे बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि कुर्सीधारी के रक्त में से कितने भयंकर जर्म्स निकलते हैं!

हमारे शहर में एक जनसेवक हैं, जो सोते जागते शहर की सेवा करने का शौक रखते हैं। पर क्या यह सही है कि जब उन्हें विधानसभा में बैठाया गया, तो उनके मुँह सीधे हो गए? नहीं नहीं, वह भी तो उसी खटमलों के कट्टर प्रभाव में आ गए, जिससे उनका मुँह टेढ़ा हो गया! हमारे देश के सेठ भी कम नहीं हैं। उन्होंने समझ लिया है कि कुर्सी की जोड़ी में किसी धर्म का कोई फर्क नहीं होता। इसलिए उन्होंने अपनी दुकानों में तकिए की बजाय कुर्सी रखी है! कुर्सीधारी और सेठ में बहुत अंतर है, पर उस अंतर को समझना कितना मुश्किल है! जितनी बार भी कुर्सी पर बैठते हैं, व्यक्ति की आदतें बदल जाती हैं, और उसे सेठ बनने का शौक हो जाता है! उन्होंने समझ लिया है कि कुर्सी की जोड़ी में किसी धर्म का कोई फर्क नहीं होता। इसलिए उन्होंने अपनी दुकानों में तकिए की बजाय कुर्सी रखी है! कुर्सीधारी और सेठ में बहुत अंतर है, पर उस अंतर को समझना कितना मुश्किल है! जितनी बार भी कुर्सी पर बैठते हैं, व्यक्ति की आदतें बदल जाती हैं, और उसे सेठ बनने का शौक हो जाता है!

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# पत्रकारिता पर भस्मासुर होने का कलंक न लगे



चाहे 45 डिग्री पारा हो या फिर मूसलाधार बारिश अथवा हाड़ तोड़ने वाली कड़कड़ाती ठंड ,एक पत्रकार ही वह शख्स है जो सरकार , प्रशासन और समाज को सच्चाई दिखाने विपरीत मौसम में भी संघर्ष कर रहा होता है ! न तो भूख की चिंता होती है और न ही पानी पीने की फिक्र ! तेज धूप की वजह से आपाद - मस्तक शरीर तर हो या फिर बरसात से सारे कपड़े ही क्यों न भीग जाएं , एक पत्रकार की कलम अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहती है । आखिर पत्रकार अपने स्वास्थ्य की चिंता क्यूं नहीं करते ? इसका एक मात्र कारण यही है कि यदि पत्रकार कहीं थम गया तो उसकी जवाबदारी पर जंग लग जायेगा ! मानवीय समाज को यह स्वीकार करना होगा कि एक पत्रकार अथवा चौथे स्तंभ का प्रहरी सच्चाई के सबसे करीब होता है । यही कारण है कि सूर्योदय के साथ हाथों में अखबार थामे पाठक उस पर प्रकाशित हर खबर को पत्थर की लकीर मान उस पर विश्वास करता है । जब समाज में पत्रकार और उसकी लेखनी को अकाट्य माना जाता है , तब पत्रकार का यह कर्तव्य हो जाता है कि उसकी लेखन की भूमिका निरपेक्ष हो । प्रायः यह देखने में आ रहा है कि एक दक्ष पत्रकार , जो लेखन की ऊर्जा से सराबोर है , वह उस बात को नहीं लिख पाता है , जिसे वह लिखना चाहता है ! कारण बहुत सी विवशताओं के चलते उसकी कलम को बांध दिया जाता है ! चौथे स्तंभ के प्रहरियों की कलम पर इसी तरह की रोक के कारण समाज का नुकसान हो रहा है ! किसी शायर ने क्या खूब लिखा है ≻

कि कलम की ताकत को यूं , कमजोर
न समझा करो यारों ,
इतिहास के पन्नों की , एक यही
पहचान बाकी है ।

पत्रकारिता के संबंध में कहा जाता है कि सूचना दो-धारी तलवार की तरह होती है । एक ओर इसका उपयोग भ्रम और सनसनी फैलाने में किया जा सकता है तो दूसरी ओर रचनात्मक कार्यों में भी पत्रकारिता महत्वपूर्ण स्थान रखती है । सूचना क्रांति के इस आधुनिक दौर में सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं । ये सवाल हैं ≻ क्या सोशल मीडिया हमारे समाज में ध्रुवीकरण की स्थिति उत्पन्न कर रहा है ? समाज की प्रगति में सोशल मीडिया की क्या भूमिका होनी चाहिए ? हम एक ऐसी दुनिया के रहवासी हैं , जहां हम सूचना के न केवल उत्पादक हैं बल्कि उपभोक्ता भी हैं । देखा जाए तो लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ की साख आज दांव पर है ! जी ! हां ! मैं बात कर रहा हूं वर्तमान पत्रकारिता की , जो एक महत्वपूर्ण कड़ी है सरकार




और जनता के बीच ।समाज में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है , क्यों कि यह जनता और सरकार के बीच सामंजस्य बनाने में मददगार है । बड़ा अफसोस होता है आज की पत्रकारिता पर जब यह सुनने में आता है कि इस पर से आम जनता का भरोसा उठ रहा है ! जहां तक मैं समझता हूं इसका अत्यधिक व्यसायीकरण ही इस हालत की वजह है । न्यूज चैनलों की बाढ़ सी आ गई है , किंतु खोजी पत्रकारिता कहीं गुम हो चुकी है ! बड़े मीडिया हाउस राजनैतिक घरानों अथवा बड़े उद्योगपतियों की जद में आ चुके हैं ! शायद यही पत्रकारिता के लिए घातक हो रहा है !

आज मीडिया का कोई भी माध्यम सच दिखाने से डरने लगा है ! खोजी पत्रकारिता का असर भयानक रूप लेने लगा है । आए दिन सच्चाई लिखने वाले अथवा दिखाने वाले कलमकार पर हमले हो रहे हैं ! किसी भी क्षेत्र के भ्रष्टाचार को उजागर करने पर पत्रकार को जान से हाथ धोना पड़ रहा है ! यही कारण है कि पत्रकार अपनी ईमानदारी से समझौता करने विवश हो रहे हैं । पत्रकारिता के क्षेत्र में उपजी इतनी सारी विडंबनाओं के चलते मैं निडरता पूर्वक कह सकता हूं कि आने वाले समय में देश की जनता निष्पक्ष खबरों के लिए तरस जाएगी ! एक पत्रकार जो आम जनता की आवाज है वही कराह रहा हो तो कौन खड़ा होगा समाज को आइना दिखाने के लिए ? सरकार और सरकार के कार्यों पर कौन नजर रखेगा ? समाज की परेशानियों को कौन सरकार तक पहुंचाएगा ? विद्यार्थियों , महिलाओं ,कामगारों और आम जनता की आवाज कौन बनेगा ? इन सवालों के बीच मैं तो यही कह सकता हूं कि अभी बहुत कुछ नहीं बिगड़ा है । यदि हम सम्हल जाएं , चकाचौंध टीपीआर की दौड़ और पैसों के पीछे न भाग निष्पक्ष पत्रकारिता पर ध्यान दें तो शायद लोकतंत्र का चौथा स्तंभ खोखला होने से बच सकता है । लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ की भूमिका से हटकर पत्रकारिता को हंगामाखेज विपक्ष बनाने का जो प्रयत्न किया जा रहा है वही कलमकारों के लिए विष का काम कर रहा है !

पत्रकारिता को विश्वास परक और मजबूत स्तंभ बनाए रखने के लिए हमें स्वतंत्रता संग्राम की ओर झांकने की जरूरत है । स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय पत्रकारिता ने समस्या को ठीक से पहचान लिया था । उस समय के पत्रकारों ने समस्या से निजात पाने अपना सब कुछ लगा दिया था । प्रतिबंध झेले ,डंडे खाए किंतु समाधान की जिद पर अड़े रहे । एक समाचार पत्र के कार्यालय पर अंग्रेज सरकार ताला लगाती तो दूसरा समाचार पत्र स्वतंत्रता के ओजस्वी स्वर को बुलंद करता सड़कों पर उतर आता । अंग्रेज सरकार एक बुलबुला अपने जूतों तले रौंदती तो दूसरी जगह से जलजला फूट पड़ता ! उस वक्त भी पत्रकारिता पर भी व्यावसायिकता हावी थी किंतु भारतीय पत्रकारिता ने समाधान ढूंढने के अपने स्वभाव को जिंदा रखा।

किसी भी मुद्दे पर योजनापूर्वक समाचारों की श्रृंखलाएं तब तक प्रकाशित की गईं जब तक कि उसका समाधान न निकल आया । मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि समाधान मूलक पत्रकारिता की वह लौ आज मद्धम जरूर पड़ी है किंतु बुझी नहीं है !

मीडिया की बहुआयामी भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा जा सकता है कि मीडिया आज विनाशक एवं हितैषी दोनो भूमिकाओं में सामने आ रहा है । अब समय आ गया है कि मीडिया अपनी शक्ति का सदुपयोग जनहित में करे तथा समाज का मार्गदर्शन करे ताकि भविष्य में उस पर भस्मासुर होने का कलंक न लगे ! पत्रकारिता पर सकारात्मक सोच को प्रबल मानते हुए यही कहा जा सकता है -

हजार सवाल हैं मन में , फिर भी खबर रखते हैं
खुद से बेखबर हैं फिर भी , दुनिया की खबर
रखते हैं ,
कलम की नोंक पर समाज की सच्चाई
लिखते हैं ,
पत्रकार हैं साहब ! देश की सच्चाई लिखते हैं ।।

# अब ढीले पड़ते जा रहे हैं बस्तर संभाग में सक्रिय नक्सलियों के हाथ-पांव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 मई।** पुलिस और सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव से जहां बस्तर संभाग में सक्रिय नक्सलियों के हाथ पांव ढीले पड़ते जा रहे हैं, वहीं राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का भी सकारात्मक असर दिखने लगा है। शासन की नीति से प्रभावित हो नक्सली आत्म समर्पण कर समाज की मुख्यधारा से फिर से जुड़ने लगे हैं। बस्तर संभाग के सुकमा जिले में तो नक्सलियों के आत्मसमर्पण का सिलसिला ही चल पड़ा है। सुकमा जिले में फिर एक एक लाख रुपए की ईनामी दो महिला नक्सलियों समेत पांच नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह-नई शुरुआत) से प्रभावित होकर एवं अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के चलते इन नक्सलियों ने



आत्मसमर्पण किया है।

.आत्मसमर्पित नक्सली थाना भेजी, किस्टाराम एवं पोलमपल्ली क्षेत्र के निवासी हैं। इन नक्सलियों को आत्म समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में सुकमा डीआरजी टीम गोल्फ, विशेष आसूचना शाखा जिला सुकमा, रेंज फिल्ड टीम सीआरपीएफ सुकमा एवं 212वीं व 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ की आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., दंतेवाड़ा के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, कोंटा सीआरपीएफ परिचालन के उप महानिरीक्षक सुनीत कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक (परिचालन) सीआरपीएफ रेंज सुकमा अरविंद राय के मार्गदर्शन एवं सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, सीआरपीएफ 212वीं वाहिनी के कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव, सीआरपीएफ 217वीं वाहिनी के कमांडेंट सतीश कुमार दुबे व सुरेश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी डीआईजी ऑफिस सुकमा रेंज, गजेंद्र बहादुर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी 212वीं वाहिनी सीआरपीएफ एवं श्री निखिल अशोक कुमार राखेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के पर्यवेक्षण में यह कामयाबी मिली है। इन अफसरों के सुपरविजन में छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप स्थापना से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, खोखली विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा किए जा रहे भेदभाव व स्थानीय आदिवासियों के साथ की जा रही निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सक्रिय 5 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। इनमें एक लाख की ईनामी नक्सली 24 वर्षीय माड़वी आयते पिता सुक्का मुरिया आरपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष निवासी सिंघनमड़गू थाना किस्टाराम जिला सुकमा, एक लाख की ईनामी 19 वर्षीय वेट्टी लाली पिता गंगा मुरिया अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम अध्यक्षा निवासी अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा, 35 वर्षीय मड़कम भीमा पिता देवा मुरिया पालाचलमा आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य निवासी तुमीरपाड़ थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 27 वर्षीय पदाम कमलेश पिता स्व. पोज्जा मुरिया कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत जनताना सरकार स्कूल अध्यक्ष निवासी बोधराजपदर थाना भेजी जिला सुकमा और 48 वर्षीय सोड़ी मासा पिता बंडी मुरिया साकलेर आरपीसी मेडिकल टीम निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा ने 27 अप्रैल को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा एवं सूबेदार मेजर कुंभाराम यादव 212वीं वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

## एक नजर

### मोतियाबिंद मुक्त बस्तर के लिए जल्द शुरू होगा तीसरा चरण

**जगदलपुर, 2 मई ।** शासन-प्रशासन की मंशा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले यह प्रमुख लक्ष्य रहा है, इसी के तहत बस्तर जिले में नेत्र से संबंधित बीमारी मोतियाबिंद से जिले को निजात दिलाने के लिए विगत वर्ष दो चरणों में सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान संचालित किया गया। जिसमें जिले के कुल 3774 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों का चिन्हांकन कर 3712 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। यही नहीं जिले में समीपवर्ती जिलों एवं अन्य क्षेत्रों के मरीजों को मिलाकर कुल 4198 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन किया गया। राज्य स्तर से गत वर्ष जिले को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 4500 का लक्ष्य आबंटित किया गया था, जिसके विरुद्ध 4198 मरीजों का ऑपरेशन कर लाभान्वित किया गया। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले में अब पुनः मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान चलाया जाएगा। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री विजय द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ ही नेत्र चिकित्सा के लिए स्थापित विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुनः सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोर्टिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में ऑपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु निःशुल्क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सीआरपीएफ के अधिकारियों से की चर्चा

**जगदलपुर, 2 मई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने बुधवार को धरमपुरा मॉडल कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर और एसपी ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीआरपीएफ के अधिकारियों से परिसर की सुरक्षा, राजनीतिक दलों के द्वारा स्ट्रांग रूम निगरानी के बारे में भी चर्चा की। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान उपरांत सभी मतदान सामग्रियों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है इसकी सुरक्षा सीआरपीएफ की कंपनी द्वारा की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम के बाहर निगरानी हेतु तैनात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की संतुष्टि का संज्ञान लिया।

### लेखा एवं वित्तीय संधारण प्रशिक्षण में शामिल हुए 4 जिलों के अधिकारी-कर्मचारी

**जगदलपुर,2 मई।** बस्तर संभाग के 4 जिलों बस्तर, कांकेर, कोंडागांव एवं नारायणपुर के अंतर्गत समग्र शिक्षा के तहत लेखा एवं वित्तीय संधारण प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में बुधवार को सम्पन्न हुई। जिसमें समग्र शिक्षा के वित्तीय नियंत्रक श्री धीरज नशीने, प्रोग्रामर श्री हलधर और राज्य समग्र शिक्षा के आडिटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा जगदलपुर के श्री लव कुमार द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में उक्त सभी जिले के समस्त डीएमसी, एडीपीओ, बीआरसी तथा कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालयों के अधीक्षक एवं लेखापाल शामिल हुए।

### कलेक्टर की पाती पहुंचेगी घर-घर, मतदान के लिए होगा सभी से आग्रह

**रायपुर 2 मई।** लोकसभा चुनाव-2024 में शत्-प्रतिषत मतदान के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहल किए जा रहें हैं। 2 से 5 मई तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह की पाती घर-घर पहुंचेगी। तीन हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका घर-घर जाएंगे और यह पाती पहुंचाएंगे, जिसमें महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक सहयोग करेंगे। साथ ही यह अपील करेंगे कि 07 मई सुबह 7 से शाम 6 बजे की अवधि में अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करें और अपने परिवार के सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अभियान का नोडल महिला एवं बाल विकास विभाग को बनाया गया है। कलेक्टर की इस पाती में पोस्ट कार्ड में डॉ. गौरव सिंह की अपील लिखी हुई है। जिसमें कहा गया है कि ''आगामी 07 मई को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जाएंगे। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर वोट महत्वपूर्ण है। वोट देना आपका नैतिक दायित्व ही नहीं वरन राष्ट्रीय कर्तव्य भी है'' इस पाती अर्थात् पोस्टकार्ड में कलेक्टर ने आम मतदाताओं से राष्ट्र को सशक्त बनाने हेतु 7 मई को मतदान अवश्य की अपील करते हुए कहा है कि जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हैं और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है उन सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। पत्र में उन्होंने लिखा है कि वोट आपकी ताकत है''।

# महिला नक्सली मड़कम हिड़मे के जीवन में अब होगी नई सुबह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 मई।** एक लाख की ईनामी महिला नक्सली मड़कम हिड़मे की जिंदगी में अब नई सुबह की शुरुआत हो चुकी है। छ्ग शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह, नई शुरुआत) से प्रेरित एवं अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप स्थापित कर पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे जनसेवा के कार्यों से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली थाना चिंतागुफा क्षेत्र की निवासी है। उसे आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में स्पेशल गुप्तचर शाखा सुकमा का प्रयास रहा। सुकमा जिले में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., दंतेवाड़ा रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के उप पुलिस महानिरीक्षक परिचालन कोंटा रेंज सुनीत कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक परिचालन सीआरपीएफ रेंज सुकमा अरविंद राय, सुकमा के मार्गदर्शन एवं सुकमा के एसपी किरण चव्हण के निर्देशन तथा निखिल अशोक कुमार राखेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद




उन्मूलन नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरुआत एवं अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप स्थापना से मिलने वाली सुरक्षा, सुविधाओं व विकास के विस्तार से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, खोखली विचारधारा, उनके द्वारा किए जाने वाले शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा किए जाने वाले भेदभाव एवं स्थानीय आदिवासियों के साथ की जाने वाली निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में सक्रिय रही 36 वर्षीया महिला नक्सली मड़कम हिड़मे पिता गंगा निवासी सिंघनमड़गू आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष ने आत्मसमर्पण किया है। मड़कम हिड़मे पर राज्य सरकार ने 1 लाख रुपए का ईनाम घोषित कर रखा है। मड़कम हिड़मे नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में डीएसपी मनीष रात्रे सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। मड़कम हिड़मे को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा का विशेष प्रयास रहा है। मड़कम हिड़मे को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 मई।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें विद्यालय समिति के अध्यक्ष मनोज देव, सह सचिव पी. के दास, सदस्य जशराज जैन, प्राचार्य श्रीमती किरण दुबे एवं विद्यालय के आचार्य, दिदियां एवं पालक/अभिभावक उपस्थित रहे। परीक्षा परिणाम स्वतरुप शिशु विभाग में कक्षा अरुण से अष्टम् तक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा अरुण से सोन्दे आसन्ता 97 प्रतिशत, नबी साहू 95.5 प्रतिशत, प्रियांश जैन 93.6 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा उदय से हंसिका सलाम 98.3 प्रतिशत, आयुष नेताम 96 प्रतिशत, नैतिक राठी 93.6 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम् से वरुण देव यादव 97.5 प्रतिशत, दिव्यांश वर्मा 97 प्रतिशत, मिष्टी राय 96 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा द्वितीय से साहिल बंजारे 94 प्रतिशत, खुशबू प्रधानी 93 प्रतिशत, एंजल कश्यप् 92 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ततृीय से सोनाली बंजारे 95.5 प्रतिशत, कंचन शर्मा 94 प्रतिशत, निरजा सोनी 93 प्रतिशत के



साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चतुर्थ से श्रावनी सरकार 95 प्रतिशत, कुशमिता भास्कर 94 प्रतिशत, आदित्य ठाकुर 93 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पंचम् से भास्कर पैकरा 95.5 प्रतिशत, पूर्णिमा साहू 92.5 प्रतिशत, सुजित सिंह ठाकुर 91 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा षष्ट से हयान सोड़ी 96 प्रतिशत, मोहम्म्द तोहिद 94.16 प्रतिशत, उषा ओटी 93.33 प्रतिशत, के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा सप्तम् से विकास जायसवाल 95.5 प्रतिशत, डिम्पल भोई 92.66 प्रतिशत, सिमा कश्यप 87.7 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा अष्टम् फ्लोरेंस सुर्यवंशी 95.83 प्रतिशत, प्रशांत ध्रुव 94.16 प्रतिशत, कुलेन्द्री ठाकुर 92.16 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।कक्षा नवम् महक ठाकुर 85.5 प्रतिशत, संध्या 78 प्रतिशत, दुर्गेश कश्यप 73.9 प्रतिशत के साथ प्रथम् द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एकादश डाविंश पुरेना 83.6 प्रतिशत, हर्ष विजय कुमार 75.2 प्रतिशत,पावनी 75 प्रतिशत इस प्रकार कक्षा नवम् में 85 प्रतिशत एवं कक्षा एकादश में 78 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 का प्रवेश प्रारम्भ है।

### कलेक्टर ने शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की

**रायपुर, 2 मई ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों साथ बैठक की। निजी विद्यालयों के मतदान केंद्र को व्यवस्थित करने एवं मूलभूत आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति पर हुई चर्चा। शहरी मतदान प्रतिशत को शत्-प्रतिशत करना के । निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बैठक में चर्चा किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आप सब मिलकर यह प्रयास करें कि अधिक से अधिक मतदाता आपके विद्यालयों वाले मतदान बूथों पर उत्साह से आये और मतदान करें। इस बार लोकसभा चुनाव का थीम ''चुनाव का पर्व, देश का गर्व''। हमें इस चुनाव को एक पर्व के रूप में मनाते हुए शत-प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आपसे उम्मीद है आप और आपके विद्यालय परिवार का पूरा सदस्य भी मतदान तो करें ही, साथ में अपने विद्यालय परिवार के हर सदस्यों को भी मतदान करने की अपील करेंगे।

# परीक्षा से घबराएं नहीं, एक लक्ष्य के साथ तैयारी को अंतिम रूप दें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 2 मई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने एनईईटी की तैयारी कर रहे बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में लगे छात्र परीक्षा से घबराएं नहीं, अपितु एक लक्ष्य के साथ तैयारी को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि एनईईटी की तैयारी कर रहे बच्चे सभी चिकित्सक बने और बस्तरवासियों का इलाज करने का अवसर मिले इसी भावना को अपना ध्येय रखें। इसके लिए मेहनत खुद को करनी है, अनुशासित होकर नियमित पढ़ाई और रिवीजन, लगातार मॉक टेस्ट देने पर फोकस करें। उक्त बातें कलेक्टर ने धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी एनईईटी परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा संचालित क्रेश कोर्स के विद्यार्थियों से कही। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि अपनी मेहनत और अनुशासन के साथ तैयारी के दम पर कोई भी परीक्षा पास



की जा सकती है। सफलता के लिए सतत प्रयास जरूरी है। यदि असफल भी हो तो निराश ना हो, असफलता आपको सही दिशा में तैयारी करने के लिए प्रेरित करती है। ज्ञात हो जिला प्रशासन द्वारा एनईईटी परीक्षा के लिए एक माह का क्रेश कोर्स करवाया जा रहा है। इसके लिए प्रवेश परीक्षा भी लिया गया जिसमें 140 बच्चों का चयन किया गया है। इसमें बस्तर जिले के अलावा अन्य नजदीकी जिलों से भी बच्चे पढ़ाई करने पहुंचे है।

## डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं 208 वाहिनी कोबरा ने की संयुक्त कार्रवाई

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर, सामग्री जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 मई।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, सुनीत कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा, के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन में तथा निखिल अशोक कुमार रखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन



अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य मे जिला सुकमा एवं तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 28.04.2024 को थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत कैम्प सलातोंग, डबबामरका एवं थाना चिंतागुफा क्षेत्रांतर्गत कैम्प दुलेड़ से डीआरजी, बस्तर फाईटर्स सुकमा एवं 208 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम पेसेलपाड, बोटेतोंग, गुमरकोंडा, वेरूम, टेटेमड़गु, कोमनपाड़ व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे, कि अभियान के दौरान दिनांक 29.04.2024 को प्रातः लगभग 07¬15 बजे जिला सुकमा व तेलंगाना के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम पेसेलपाड़ एवं बोटेतोंग के मध्य जंगल पहाड़ी के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के नीयत से फायरिंग करने लगे सुरक्षाबलों द्वारा भी यथा-स्थान पोजिशन लेकर आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही में फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व भारी पड़ता देख नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गये। फायरिंग पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग करने पर अज्ञात पुरूष नक्सली का शव व 1 नग 09 एमएम ऑटो पिस्टल मय राउण्ड, 01 नग वॉकी-टॉकी सेट, विस्फोटक सामाग्री एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया।उक्त पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान ऑपरेशन टीम शामिल आत्मसमर्पित नक्सली पुलिस कर्मियों से मुचाकी मंगडू (पूर्व में सीसी मेंबर साकेत का गार्ड वर्तमान में डिव्हीजन स्कॉड टीम सदस्य, ईनामी 05 लाख छ.ग. शासन द्वारा) निवासी टेकमेटला (टेकलामेट्टा), जोनापारा थाना उसूर जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के रूप में की गई।

## समाचार संक्षेप

### विधायक स्वास्थ्य कर्मियों व मरीजों से हुए रूबरू



**दंतेवाड़ा 2 मई।** भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी जिला अस्पताल दंतेवाड़ा पहुंचे मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य व सुविधा पर चर्चा किया साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से बातचीत की,बड़े ही सरल तरीके से लोगो ने विधायक के समक्ष अपनी बात रखी और विधायक चैतराम अटामी ने तुरंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात कर कहा की भीषण गर्मी में पेयजल,पंखे,कूलर आदि में कोई रूकावट या बाधा नहीं आनी चाहिए में निरंतर अस्पताल आता रहूँगा और अस्पताल परिसर में साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु चर्चा किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नविन विश्वकर्मा,महामंत्री द्वय धीरेन्द्र प्रताप,संतोष गुप्ता,पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,जिला कोषाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी,जी डी बैरागी,जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,विधायक प्रतिनिधि रुपन मंडल,मंगल बघेल,शैलेश अटामी उपस्थित हुए ।

### बारसूर जात्रा में पहुँचे विधायक चैतराम अटामी



**गीदम 2 मई।** भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ऐतिहासिक नगरी बारसूर पहुंचे और माँ सोनादाई मंदिर में पूजा अर्चना कर जात्रा में शामिल हुए । इस दौरान जिला महामंत्री संतोष गुप्ता,पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,नगर पंचायत बारसूर अध्यक्ष उमेश्वर पुजारी,पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगत पुजारी,मण्डल अध्यक्ष भुवनेस्वर भारद्वाज,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामकृष्ण रेड्डी,जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,विधायक प्रतिनिधि राजेश नाग उपस्थित हुए।

### प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने कांकेर जिले के 430 गांव में शिक्षा, रोजगार एवं महिलाओं को 10 वीं की पढ़ाई कराने का लिए जिम्मा



**कांकेर 2 मई।** प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम कांकेर जिले के चार ब्लॉक कांकेर, चारामा, नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर में जून 2021 से फाउंडेशनल लर्निंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने व समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक कर बच्चों की शिक्षा को लेकर जवाबदारी से अवगत कराना है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा इस वर्ष 2024 में 430 गांव में बच्चों शिक्षा को लेकर स्कूल शिक्षकों के साथ मिलाकर लर्निंग कैंप के माध्यम से बच्चों को खेल - खेल के माध्यम से अध्यापन कराया जायेगा। गांव की ऐसी महिलाओं और लड़कियों जिन्होंने किसी कारण से पढ़ना छोड़ दिए है उन्हें संस्था के कर्मचारी मोबिलाइजेशन कार्य किया जा रहा हैं जिन्हे आने वाले दिनों में कांकेर, चारामा के चयनित गांव में निशुल्क संस्था के कर्मचारी द्वारा अध्यापन कार्य किया जाएगा। और आगे 10वीं छत्तीसगढ़ ओपन बोर्ड के माध्यम से परीक्षा में शामिल करवाया जाएगा। साथ संस्था के द्वारा रिमोर्ट ऑनलाइन 5श्रश्द्व के माध्यम से 10वीं की तैयारी के लिए स्टुडेंट मोबिलाइज किया जा रहा हैं। गांव के युवाओं एवं माताओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स की जानकारी दिया जा रहा हैं। जिन्हे आगे संस्था द्वारा गांव स्तर कम्युनिटी बैच कैंप लगाकर एवं पेस सेंटर कुरूद मे ट्रेनिंग के बाद रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उक्त कार्य के लिए 110 लोगों की टीम युद्ध गति से 430 गांव में मोबिलाजेशन का कार्य कर रही है। इस समर मे 430 गांव मे स्वयंसेवकों की मदद से कक्षा 3 के बच्चों के भाषा और गणित का कक्षा लगाकर शिक्षा गुणवत्ता पर कार्य किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम समन्वयक तिजेश सिन्हा से प्राप्त हुआ।

### विभागीय परीक्षा के लिए 21 जून तक आवेदन

**जगदलपुर, 2 मई ।** राज्य शासन के उन अधिकारियों के लिए (जिनके लिये विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा माह अगस्त-2024 के तहत 05 से 13 अगस्त 2024 तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने हेतु परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को परिपत्र जारी कर कार्यालय एवं विभागों को उक्त विभागीय परीक्षा कार्यक्रम के बारे में अवगत करवाने सहित आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्राम पंचायत रोहिना में जीवित महिला को मृत कर दिया घोषित, नहीं मिला राशन तब परिवार को पता चला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम-फिंगेश्वर, 2 मई।** विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत रोहिना में सचिव व सरपंच ने एक जीवित वृद्ध महिला को दिनांक 1 मार्च 2024 को मृत घोषित कर दिया और पंचायत में मृत कुल 11 लोगो के लिस्ट में एक जीवित महिला का भी नाम दर्ज कर जनपद कार्यालय में जमा भी कर दिया और जब परिवार को राशन नहीं मिला तब इस बात का खुलासा हुआ एक प्रकार से यह सचिव और सरपंच की मनमानी का नतीजा है कि एक जीवित इंसान को मृत घोषित कर दिया जीवित महिला का अंत्योदय राशन कार्ड से नाम कट जाने से और उसे एक माह का राशन भी नहीं मिला यह कारनामा सरपंच और सचिव ने संयुक्त रूप से किया जब मीडिया की टीम ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेमराडीह जीवित गैंदी बाई के घर पहुंचा तो देखा पीड़ित गैंदी बाई सुनने में सक्षम नहीं थी जिस कारण पूछने पर भी सारी बातें नही समझी किंतु उसके पति के मृत्यु के बाद उसके साथ उसकी बेटी, दामाद साथ में रहते हैं उन्होंने खबर न छापने के शर्त पर मीडिया को सारी बातें बताते हुए कहा कि बीते मार्च माह से उसका राशन कार्ड से नाम काट दिया। जिस वजह से राशन नहीं मिला है जब राशन नहीं मिला तो पता करने पर पता चला तो सेल्समैंन ने बताया कि गैंदी बाई मृत्यु हो गई है इस कारण उसका राशन कार्ड से नाम काट दिया गया, अब राशन नहीं मिलेगा। बेटी दमाद ने यह बात सरपंच को बताएं जिस पर सरपंच ने आधार और राशन कार्ड मांग कर नाम जोड़ने के लिए जनपद पंचायत फिंगेश्वर लेकर गए पर नाम वहां नहीं जुड़ा। इस पर परेशान पीड़ित परिवार में वृद्ध गैंदी बाई को लेकर जिला कार्यालय के चक्कर काटे वहां उन्होंने खाद्य शाखा में सारी बातें बताई तो खाद्य शाखा से पता चला कि ग्राम पंचायत रोहिणा में कुल 11 लोगों को मृत घोषित कर सरपंच सचिवों ने राशन कार्ड से नाम काटने लिस्ट दिया है। जिस वजह से राशन कार्ड से नाम कट गया। अब सवाल यह है कि सरपंच सचिव ऐसे कैसे किसी भी जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर सकता है जबकि महिला जीवित है। और ग्राम पंचायत का सरपंच भी इसी गांव का निवासी है। क्या खुद के गांव के लोगो के बारे में जानकारी नहीं होना। जनप्रतिनिधि की गैरजिम्मेदाराना को दर्शाता है। यह एक प्रकार का मनमानी का नतीजा है। जो ऐसे कारनामों को अंजाम दे रहे हैं। इस बात को लेकर हालांकि गैंदी बाई का बेटी दामाद परेशान था और जाने किस डर और भय से बार-बार खबर न छापने की मिन्नत कर रहा था। लेकिन मीडिया की अपनी जिम्मेदारी बनती है की सच्चाई को समाज के सामने लाए और ऐसे सरपंच, सचिव कि कारनामे को बेनकाब करें। किंतु बात को बिगड़ते देख एक माह का चावल ले जाने के लिए सेल्समैन ने पीड़ित परिवार को फोन कर बुलाया था। तो क्या जब राशन कार्ड से नाम कट गया तो कहा से और किसका हक मार कर इस परिवार को राशन देता।



वही इस बारे में संबंधित सेल्समैन पवन कुमार महिलांगे से बात करने पर उसने बताया कि मुझे जो लिस्ट मिला है उसके अनुसार में मृत व्यक्तियों का राशन आवंटन बंद कर दिया हूं। इसी कारण राशन नहीं मिला। ये सब ग्राम पंचायत जाने मृतकों की सूची जारी वही लोग करते है। जब इस बारे में सचिव दीनू राम यदु से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि शायद गैंदी बाई का राशन कार्ड में नाम जोड़ दिया गया है। सरपंच से पता कर लीजिए जल्दबाजी में हमसे गलती हुई है हम यहां स्वीकार करते हैं।

## एक नजर

### बिजली स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, 9 वी में आरती एवं 11वी में तारणी प्रथम



**राजिम, 2 मई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में नवमी एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया.इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया. तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया.कक्षा ग्यारहवीं में तारणी साहू 87.8त्नप्रथम, गीता साहू 84.2त्न द्वितीय,करण निषाद 81.2त्न अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहें. वहीं नवमी में आरती सोनवानी 77.5त्न प्रथम, जितेंद्र साहू 70.1त्न द्वितीय एवं टिकेश्वरी साहू 67.5त्न के साथ तृतीय स्थान पर रही.इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है.शिक्षा न केवल हमें सफल होने के लिए एक मंच प्रदान करती है बल्कि सामाजिक आचरण, शक्ति,चरित्र तथा आत्म सम्मान देती है.शिक्षा हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों के सामना करने में सहायता करती है.शिक्षा वह ज्योति है जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है. उन्होंने आगे कि जो विद्यार्थी पूरक आए हुए हैं वे परीक्षा की तैयारी में जुट जावे. उनके लिए अलग से समय सारणी निर्धारित कर पूरक परीक्षा के बारे में जानकारी दी जावेगी. इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू नरेंद्र कुमार वर्मा, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू, दुष्यंत साहू तोमन राम साहू व आकाश सूर्यवंशी उपस्थित थे।

### फिर शहर को स्वच्छ बनाने कड़ी धूप में निकली नपाध्यक्ष राशि



**महासमुंद।** चुनाव और अचार सहिता के चलते शहर में प्रभावित हुई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मंगलवार से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने एक बार फिर से कमान संभाली है। 40 डिग्री तामपान वाली कड़ी धूप में पालिका के स्वछताकर्मियों के साथ श्रीमती महिलांग शहर के मुख्य मार्ग के नालियों, डिवाइडर और ओव्हरब्रिज के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई कराई। श्रीमती महिलांग ने कहा अगर एक महिला के हाथो नगर की कमान हो तो वो शहर को अपने घर की तरह स्वच्छ रखने के साथ ही सजाती भी है। नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि शहरवासियों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस कर्तव्यों को दिल से और बेहतर तरीके से निभाने का पूरा प्रयास कर रही हूं। उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने में पालिका का हर तरह से सहयोग करने की अपील भी की।

### भगवत भक्ति से मिट जाता है मृत्यु का भयः पं. मिथलेश

**महासमुंद।** स्थानीय सांई मंदिर महामाया पारा में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत भागवताचार्य पं. मिथलेश कुमार तिवारी ने जड़ भरत कथा का बखान करते हुए कहा कि हरि भक्ति में वह शक्ति है कि मनुष्य मृत्यु के भय से मुक्त हो जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भगवत भक्ति करना चाहिए। जड़ भरत हमेशा भगवत भक्ति में लीन रहता था जिसके कारण उसके भाई उन्हें निकमा समझते थे। एक बार खेत में रखवाली करने भाईयों ने जड़ भरत को भेजा लेकिन भरत को तो सभी में प्रभु ही नजर आने लगा और जब चिडिया खेत चुगने पहुंची तो चिडियों को भगाने के बजाए उन्हें चुगने दिया। जब भाई खेत पहुंचे और देखा कि चिडिया खेत की फसलों को नुकसान पहुंचा रही तो वे जड़ भरत पर नराज हुए और घर से निकाल दिए। प्रभु भक्ति में हीन जड़ भरत प्रभु का स्मरण करते हुए जंगल पहुंचा तो उसका सामना डाकुओं के सरदार से हुई सरदार ने यह प्रतिज्ञा कर रखी थी।

### मंडप के नीचे वर-वधू ने ली मतदान की शपथ

**रायगढ़, 2 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए स्वीप के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को बताया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखण्ड तमनार के ग्राम-सामारूमा में विवाह के मौके पर मंडप के नीचे वर-वधु ने मतदान की शपथ ली। इस दौरान सीईओ जनपद तमनार श्री वीरेन्द्र राय ने मौके पर नव-दंपत्ति एवं शादी समारोह में शामिल सभी लोगों को 7 मई मंगलवार को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने मतदान समय की जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान समय निर्धारित किया गया है। इस समयावधि में आकर सभी अवश्य मतदान करें। इसी क्रम में स्वीप अंतर्गत जनपद पंचायत लैलूंगा में 'जाने अपना बूथ' कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों को शामिल होने का आव्हान किया गया।

# अंतर्जातीय प्रोत्साहन राशि योजना में बड़ी लूट, राशि हड़पने अपनी ही पत्नी से किया दोबारा विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 2 मई।** हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी को पवित्र बंधन माना जाता है और एक इंसान के जीवन में एक बार सात फेरों के साथ विवाह संपन्न होता है पर गरियाबंद जिले के राजिम में स्थित संयोग आर्य समाज मंदिर में यह पवित्र रिश्ता तार तार हो गया जब इस बात का खुलासा आर टीआई से मिली जानकारी के अनुसार निकाला गया और इस पर पड़ताल किया गया तो पाया गया कि राजिम स्तिथ संयोग आर्य समाज मंदिर में जिले के लगभग 12 से 15 ऐसे शादी शुदा जोड़े हैं जिन्होंने यहाँ दोबारा विवाह किया गया है इस बारे में जब संयोग आर्य समाज मंदिर के प्रमाण पत्र में दिए गए। नंबर के आधार पर संपर्क किया गया तो उनमें से एक नंबर लता जोशी का था उनसे जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमारे पास बालिक होने के प्रमाण पत्र वा नोटरी प्रमाण पत्र लेकर आते है और हम बालिक होने पर उनका विवाह कर देते हैं। हमें क्या पता कौन विवाहित है और कौन अविवाहित है। कोई भी आर्य समाज मंदिर में इस तरह विवाहित होने का इंक्वारी नहीं किया जाता केवल बालिक होने के प्रमाण पत्र के आधार पर हम लोग विवाह कर देते हैं ऐसे में क्या अंतर जाति विवाह प्रोत्साहन राशि की इस योजना की हड़पने की नीयत से इस तरह विवाहित जोड़ों ने फिर आर्य समाज में विवाह किया और इस प्रमाण पत्र के आधार पर इसको ढाई, ढाई लाख रुपए का प्रोत्साहन राशि मिला है । जबकि ये लोग पहले से शादीशुदा थे और सभी के दो से तीन बड़े-बड़े बच्चे हैं।कुछ तो ऐसे हैं जिनके 15 से 18 साल तक के बच्चे हैं जो दसवीं से 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं ऐसे में यह अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि योजना की लाखो रुपया हड़पने के लिए संयोग आर्य समाज मंदिर में गलत जानकारी देकर शादी किए या फिर ये सब जानबूझकर मिलीभगत से फर्जीवाड़ा किया गया है। कही मोटी रकम लेकर प्रमाण पत्र देने का यह गोरख धंधा तो नही वही इस बारे में आर टी आई कार्यकर्ता अब उच्च अधिकारी और कार्यालयों मे इस फर्जीवाड़े की शिकायत की तैयारी शुरू कर दी है।बहुत जल्द फर्जी शादी शुदा जोड़े का नाम सहित मुख्य भूमिका निभाने वाले दलाल और कर्मचारी को बे नकाब किया जाएगा ताकि सरकार की लाखो रूपया की वसूली की जा सके और दोषी सलाखों के पीछे खड़े हो।



### नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर ने प्लेसमेन्ट कर्मचारियों संग मनाया मजदूर दिवस



**बीजापुर, 2 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर नगर पालिका में आज मजदूर दिवस पर सम्मानित किए गए मेहनतकश कर्मचारी।आपको बता दे कि आज पूरे देश मे मजदूर दिवस मनाया जाता है।जिसके वजह से आज नगर पालिका के कर्मचारी जो निस्वार्थ भावना से कार्य करते है ताकि बीजापुर नगर स्वच्छ हो और लोग स्वस्थ रहे.ऐसे कर्मचारियों का नगर पालिका के अध्यक्ष बेनहूर रावतिया ने उनका मनोबल बढ़ाते नगर पालिका परिषद में पेलेसमेन्ट कर्मचारियों को वस्त्र देकर उनका मान सम्मान किये।अध्यक्ष बेनहूर ने कहा कि जिस देश के मजदूर खुशहाल होंगे उस देश की प्रगति निश्चित है। सारी दुनिया मजदूरों के दम पर ही चल रही है।कुछ फीसदी सरकारी योजनाओं का लाभ कुछ मजदूरों को तो नहीं मिल पाता है जिसका मुझे खेद है.इसलिए मुझसे जो सम्भव मदद हो मैं हमारे नगर पालिका के पेलेसमेन्ट कर्मचारि के लिए हमेशा तत्पर्य रहता हूं.मजदूर के सम्मान करते वक्त बीजापुर वार्ड नंबर 11 के पार्षद संजय गुप्ता भी मौजूद थे।आज मजदुर दिवस के दिन नगर पालिका केपेलेसमेन्ट कर्मचारी में उत्साह का माहौल दिखा।

### शिक्षा को बढ़ावा देने शिक्षकों की अनोखी पहल



**बीजापुर, 2 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत गुदमा के आश्रित ग्राम तुमला प्राथमिक शाला में परीक्षा परिणाम उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम सभी उपस्थित बच्चों को प्रगति प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा कक्ष ाा पांचवी के चांदनी मुड़ामी, राजमन मुड़ामी, अभिषेक उरसा, निखिल कुरसम सहित छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रगति प्रमाण पत्र के साथ शिक्षकों के माध्यम से सम्मानित किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए मन में सपने जगते रहे।गांव के सम्मानित पटेल, वार्ड पंच, उपस्थित गांव के सदस्य एवं अभिभावक को संबोधित करते हुए शिक्षक ने आह्वान किया कि आने वाले सत्र में जो बच्चे आपके घर के आस-पास हैं जो किसी कारणवश शाला त्यागी हैं उन बच्चों को 17 जून से शाला में पुनः प्रवेश कराने के लिए अभी से वार्ड अनुसार सूची बना कर रखे और अपने पंचायत को शाला त्यागी मुक्त पंचायत बनाने में सहयोग करे।विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ललिता ठाकुर, मिसरा लाल नेताम सहित अरुण कुमार प्रोग्राम लीडर पिरामल फाऊंडेशन, बच्चों के अभिभावक तथा गांव के अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# गरियाबंद जिले में रेत चोरों का जलवा, खनिज विभाग केवल सरकारी डीजल जलाने तक सीमित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,2 मई।** रेत चोरों की गढ़ गरियाबंद जिले में रेत चोरों की तगड़ा सेटिंग सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार एक बड़े नेता की आशिर्वाद प्राप्त होना बताया जा रहा है जिसके चलते इन रेत चोरों की हौसला बुलंद हैं जो तेजी से अपना पैर पसार रहे हैं और मलाई खा रहे हैं गरियाबंद जिले में बहुत लंबे समय से समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होते आ रहे हैं पर खनिज विभाग सिर्फ सरकारी डीजल जलाने में लगे हैं हर महीने सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का नुक़सान हो रहे हैं पर इसकी चिंता किसे है सभी को अपने जेबों की पड़ी है आपको बता दें कि फिगेंश्वर विकास खंड में चौबे बांधा, पितईबंद, रावड, परसदा जोशी ,हाथखोज में एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर बिना किसी सुकृति के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पत्तीदारी से कर रहे हैं अवैध रेत खनन सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बड़े नेताओं के आशिर्वाद इन सभी चोरों को प्राप्त है जिसके कारण बेखौफ होकर लगातार खनिज संपदा का दोहन करने में लगे हैं बताते हैं कि अभी इन चोरों की अच्छी खासी कमाई हो रही है आखिर संविधान में हम सभी के लिए एक कानून है तो आम जनता के लिए और प्रभावशाली लोगों के लिए अलग अलग क्यों आम जनता अपने घर बनाने नदी से रेत ले जाते हैं तो कानून का हवाला देकर कारवाई करते हैं और जब प्रभावशाली लोग पैसे कमाने नदी का रेत अवैध खनन कर बिना किसी सुकृति, रायल्टी के दिन रात चैन माउंटेन से खुदाई कर बेच रहे हैं तो किसी प्रकार से कार्रवाई नहीं आखिर भेदभाव क्यों



### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर का किया गया रेण्डमाईजेशन

**रायगढ़, 2 मई।** सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने एनआईसी कक्ष में माइक्रो आब्जर्वर्स का द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया। इस दौरान जिले के चारों विधानसभाओं के लिए 217 माइक्रो आब्जर्वर्स का विधानसभावार रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती ऋतु हेमनानी, डीआईओ श्री सौरभ कुमार, श्री अनुपेन्द्र प्रधान, श्री रवि रश्मि सिंह उपस्थित रहे। ज्ञ

ाात हो कि निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह सामान्य प्रेक्षक के लिए सहायक की भूमिका निभाते है। मतदान के दौरान प्रत्येक प्रक्रिया एवं क्रियाकलाप पर पैनी नजर रखते है।

# रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू



**महासमुन्द ।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान के लिए महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को अहम जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार और मोदी जी की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने विधायक श्री सिन्हा रामपुर क्षेत्र में बीते दो दिनों से लगातार दौरा कर रहे हैं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में सात मई को मतदान होगा। इसके पूर्व पांच मई तक लगातार चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के साथ मिलकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा धुंआधार दौरा कर रहे हैं। रामपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी महासमुन्द विधायक श्री सिन्हा को बनाया गया है।उल्लेखनीय है कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र की 76 फीसदी आबादी अनुसूचित जनजाति वर्ग की है। शेष 24 फीसदी ब्राह्मण, राठौर, मुस्लिम, और ईसाई समुदाय से हैं। इस क्षेत्र में करीब ढाई लाख मतदाता हैं। यहां की साक्षरता दर 73 प्रतिशत है। गत विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा उम्मीदवार को पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लिहाज से नई रणनीति के साथ युवा विधायक को स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रदर्शन के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विधायक श्री सिन्हा ने बताया कि इस क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा नेशनल हाइवे 40 किलोमीटर और भारत माला प्रोजेक्ट से 55 किलोमीटर लंबी दूरी वाली शानदार सड़क बनाई गई है। जो क्षेत्र का बड़ा हिस्सा कवर करती है। इसके अलावा, सतरेंगा पर्यटन स्थल का विकास भी किया गया है। रामपुर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि और वनोपज पर आधारित है। यहां का तेंदूपत्ता देशभर में प्रसिद्ध है और भारी मात्रा में बिक्री होता है। केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य और मोदी जी की गारंटी को जन-जन तक पहुँचाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील कर रहे हैं।

### ग्रीष्मकाल में प्रतिदिन सुबह-शाम आधे घण्टे प्रभावित रहेगी विद्युत आपूर्ति



**महासमुंद।** गर्मी को देखते हुए पालिका द्वारा प्रतिदिन 3 टाइम जलापूर्ति की जा रही है। बावजूद इसके पानी चोरी पर लगाम नहीं लग पा रहा है। इसके चलते अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए पालिका की मांग पर पूरे गर्मी भर शहर के इमली भाठा, नयापारा और पिटियाझर क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह-शाम जलापूर्ति के समय आधे घण्टे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओ टॉमसन रात्रे ने बताया कि शहर में गर्मी बढ़ने के साथ पानी की चोरी भी लगातार बढ़ती जा रही है जिसके चलते अन्य उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। जलापूर्ति को लेकर लगातार पालिका को मिल रही शिकायतों को दूर करने पालिका ने पानी चोरी रोकने के लिए जलापूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति बाधित करने का निर्णय लिया है। श्रीमती महिलांग और श्री रात्रे ने बताया कि पालिका की मांग पर विद्युत विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह साढ़े 6 बजे और शाम को 7 बजे जलापूर्ति के समय पर शहर के इमलीभाठा, नयापारा और पिटियाझर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। पालिका ने इसके लिए नागरिकों से खेद व्यक्त करते हुए पानी चोरी न करते हुए पालिका द्वारा दी जा रही जलापूर्ति की व्यवस्था में पालिका की सहयोग करने की अपील की है।

**चोरी पर रहेगी पालिका टीम की नजर** -पालिका सीएमओ टॉमसन रात्रे और जलप्रभारी सीताराम तेलक ने बताया कि शहर में होने वाली पानी चोरी पर लगाम लगाने के लिए परिषद द्वारा टीम गठित की गई है। टीम के साथ सीएमओ स्वंय प्रतिदिन सुबह चिन्हाकित क्षेत्रों में भ्रमण कर पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। श्री तेलक ने बताया कि शहर में होने वाली पानी चोरी पर पालिका द्वारा गठित टीम की नजर रहेगी।

### जिले के अंतिम क्षेत्र बेंगलूर पंचायत पहुंचे कलेक्टर



**बीजापुर, 2 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर जिले के सुदूर और अंतिम क्षेत्र दंतेवाड़ा जिला के सीमा पर स्थित बेंगलूर पंचायत पहुंचकर सरपंच एवं ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा किया। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है ग्राम पंचायत बेंगलूर सहित इसी ग्राम पंचायत में कोसलनार-1, कोसलनार-2, मंगनार, तुसावल सहित अन्य पंचायतें भी इस क्षेत्र में आता है। कुछ दिवस पूर्व ग्राम पंचायत बेंगलूर के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा अधूरे सड़क निर्माण को पूरा करने के लिए आवेदन दिया गया था। मौके पर पहुंचकर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने वस्तुस्थिति का जायजा लिया और सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार से दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं हाईस्कूल बेंगलूर का निरीक्षण किया जहां दो नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य अधूरा होने की जानकारी ग्रामीणों एवं स्कूल के शिक्षकों ने दी। सरपंच सहित ग्रामीणों ने विद्युत विस्तार, सामूहिक तार फेंसिंग, हैण्डपंप सहित अन्य मांगो से अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों के मांग से अवगत होकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही कलेक्टर ने इस दौरान सातधार जल प्रपात का भी अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## एक नजर

### रेल्वे पुलिस ने पेश की मानवता और ईमानदारी की मिसाल



**तिल्दा नेवरा, 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कमलेश कुमार अतुलकर ट्रेन से अपने परिवार सहित भाटापारा से बैतूल जा रहे थे वे अपना पूरा सामान गोंडवाना एक्सप्रेस में चढ़ा दिए परन्तु परिवार और खुद भी ट्रेन में नहीं चढ़ पाए ट्रेन छूट गई तुरंत ही उन्होंने भाटापारा में तैनात आर पी एफकी दिए उन्होंने तिल्दा स्टेशन में सुचना दिया यहाँ उप निरीक्षक डी के शास्त्री और उनकी टीम के द्वारा सामान उतार कर सकुशल यात्री को सौप दिया गया आर पी एफकी पूरी टीम के प्रयास से उन?हें उनका बैग वापस मिल गया। इस ईमानदारी के लिए यात्रियों ने उप निरीक्षक डी के शास्त्री का आभार व्यक्त किया है।और और आरपीएफकी थैंक्स कहा और कहा कि आरपीएफपर भरोसा और बढ़ गया है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 8 मई को

**बालोद, 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद द्वारा 08 मई 2024 को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन नया बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरा में सुबह 08 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान व मतदाता मित्र बनकर सेवा देने वाले रेडक्रास के बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के चन्द्रशेखर पवार ने दी है।

### कलेक्टर ने सुविधा केंद्र का लिया जायजा



**बलौदाबाजार, 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में मतदानकर्मियों के लिए डाक मतपत्र हेतु स्थापित सुविधा केन्द्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्ष क्रमांक 03 में बनाये गए रायपुर व जांजगीर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केंद्र में मतदाताओं की अधिक संख्या होने पर उनके सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल कक्ष क्रमांक 58 में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर-चाम्पा अन्तर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र को शिफ्ट कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोस्टल बैलट के सहायक नोडल अधिकारी को दोनों कक्षों में सरल व सहज रुप से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों से मतपत्र, आरओ की सील, फॉर्म 12, डाक मतपत्र लिफाफा आदि की ठीक से जांच करने व सावधानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान के लिए कतार में लगे मतदानकर्मियों को भी अनुशासन व संयम बनाये रखते हुए कक्ष में 2- 2 की संख्या में प्रवेश करने कहा ताकि कक्ष में अनावश्यक भीड़ न हो।

# समर्थकों ने केक काटकर मनाया लोस प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन

## भगवान की पूजा-अर्चना कर की दीर्घायु जीवन कामना, खीर पूरी आदि बांटी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 2 मई।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता, मंत्री और लोकसभा रायपुर के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन में भाटापारा विधानसभा के चारो मंडल भाटापारा नगर, सिमगा नगर, ग्रामीण मंडल, निपानिया मंडल के 54 शक्ति केंद्रों में स्थित मंदिरो में एक साथ शाम 05.30 बजे से 6 बजे के मध्य भगवान की पूजा अर्चना कर पूड़ी सब्जी, खीर, लड्डू, हलवा, फ्ल, बूंदी सेव, आदि प्रसाद का वितरण कर बृजमोहन अग्रवाल के दीर्घायु जीवन की कामना की गई.साथ ही भाटापारा नगर के 10 शक्ति केंद्रों में केक काटा गया, आतिशबाजी की गई.. इससे पूर्व गोविंद सारंग परिसर भाजपा कार्यालय में भाटापारा नगर मंडल, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के द्वारा केक काटकर बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, केशकाल के पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, बालोद जिलाध्यक्ष पवन साहू, राकेश तिवारी, सुनील यदु, मनिदर सिंह गुम्बर, आशिष जायसवाल, अविनाश शर्मा, सतीश साहू, नीरा साहू, मधु सोनी, आयशा खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने शोसल मीडिया के माध्यम से बधाई दी और लिखा कि धर्म और प्रदेश की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले, छत्तीसगढ़ महतारी के लाडले सपूत, रायपुर लोकसभा प्रत्याशी, मेरे अग्रज बृजमोहन अग्रवाल जी को जन्मदिन की सहृदय बधाई एवं चिरायु जीवन की शुभकामनाएं।



## मानिटरिंग के अभाव में जलजीवन मिशन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

# मोटी कमीशन से मतलब गुणवत्ता पर नहीं है ध्यान

- जिम्मेदार अधिकारियों से ठेकेदारों को मिली खुली छूट
- घटिया निर्माण कर ठेकेदार काट रहे है चांदी
- गांव में पानी सप्लाई से पहले ही पानी टंकी का हाल-बेहाल
- टंकी में जगह-जगह सीपेज साथ ही सीढ़ी में पड़ी दरारें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 2 मई।** केंद्र सरकार द्वारा हर घर पानी पहुंचाने करोड़ो रूपये खर्च कर गांव गांव मे पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है सरकार कि मंशा है कि प्रत्येक घर मे शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो लेकिन कमीशनखोरी, और घटिया निर्माण ने केंद्र सरकार कि इस महत्वपूर्ण योजना का बंठाधार करने मे कोई कसर नहीं छोडी है गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड मे जिम्मेदार अधिकारियो के संरक्षण मे इस योजना मे जमकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है जिसका जीता जागता उदहारण है छुरा से लगे ग्राम पंचायत लोहझर मे बने पानी टंकी है।

94.02 लगभग चौरानबे लाख रूपये के लागत से बने 80 के एल के पानी टंकी को बने लगभग दो वर्ष पूर्ण होने को है लेकिन विडंबना है कि इसका फायदा नगरवासियों को नहीं मिल पा रहा है इस भीषण गर्मी मे लोग आज भी हैंडपम्प के सहारे पानी कि व्यवस्था कर रहे है, ग्रामीणों ने इस पानी टंकी निर्माण मे जमकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच कराने कि मांग कि है ग्रामीणों ने संवाददाता को घटिया निर्माण के बारे मे बताया तो संवाददाता ज़ब पानी टंकी कि स्थिति देखने ग्राम पंचायत लोहझर पहुंचे तो लगभग एक दर्जन से अधिक महिला पुरुष टंकी के पास पहुंच कर टंकी कि स्थिति के बारे मे बताया।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया है पानी टंकी को बने लगभग 2 वर्ष होने जा रहा है लेकिन अभी तक पानी कि सप्लाई चालु नहीं किया गया है टंकी का गुणवत्ता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते है कि ज़ब पहली बार टंकी कि टेस्टिंग के लिये पानी भरा गया तब टंकी मे जगह जगह से सिपेज़ होकर पानी झरने कि तरह गिरने लगा जिसके बाद विभाग और ठेकेदार द्वारा अपने किये गये।

भ्रष्टाचार को दबाने टंकी के अंदर से मरम्मत किया गया, टंकी कि गुणवत्ता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते है पानी टंकी कि सीढ़ी उद्घाटन के पहले ही क्रेक हो चूका था ज़ब कोई इस टंकी के ऊपर चढ़ता है तो पूरा सीढ़ी हिलने लगता है जिससे बड़ी दुर्घटना कि आशंका बनी हुई है, वही ठेकेदार द्वारा किया गया स्टैंडपोल का निर्माण भी स्टीमेट के हिसाब से नहीं किया गया है।

ठेकेदार स्टीमेट को दरकिनार कर ज्यादा कमाई के चक्कर मे छोटे बड़े निर्माण किया गया है घटिया निर्माण के चलते कई घरो मे पानी पहुंचने से पहले ही ठेकेदार द्वारा बनाये गये स्टैंडपोल ने दम तोड़ रहे है, छुरा विकासखंड मे कई ग्रामो मे ठेकेदार द्वारा सिर्फ पाइपलाइन बिछाकर छोड़ दिया है टंकी निर्माण के लिये अभी तक गड्डा तक नहीं खोदा गया है ग्राम पंचायत भैसामुड़ा के आश्रित ग्राम नवगई के ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा आठ माह पूर्व गांव मे पाइप लाइन तो बिछा दिया है लेकिन आज तक ना ही स्टैंडपोल का निर्माण किया गया है और नहीं पानी टंकी निर्माण के लिये गड्डा खोदा गया है इसी तरह विकासखंड के अधिकतर ग्रामो मे पानी टंकी निर्माण कार्य आधा अधूरा पढ़ा हुआ है जिस ओर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिसका जमकर फायदा ठेकेदार उठाकर घटिया निर्माण को अंजाम दे रहे ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर से घटिया निर्माण कि जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही करते हुए वसूली करने कि मांग किया है।

### क्या कहते है अधिकारी

इस संबंध मे ज़ब हमारे संवाददाता ने गरियाबंद पी एच ई विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन से फोन पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने इस संबंध मे राजिम एस डी ओ से बात करने कहा गया, राजिम एस डी ओ नवीन साहू से बात करने पर उन्होंने कहा कि टंकी से पानी सप्लाई जारी है टंकी से पानी सिपेज़ व सीढ़ी के क्रेक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी पता करवाता हूँ जल्द ही मरम्मत किया जायेगा।

### बड़ा सवाल

पी एच ई विभाग के जिम्मेदार एस डी ओ का दावा है कि टंकी से पानी सप्लाई जारी है वही ग्रामीणों का कहना है कि टंकी निर्माण हुए लगभग 2 साल होने को है लेकिन आज तक पानी कि सप्लाई शुरू नहीं कि गई है वही ग्रामीणों ने बताया कि टंकी को ज़ब टेस्टिंग के लिये टंकी मे पानी भरा गया तो टंकी से सिपेज़ का पानी झरने कि तरह झरने लगा, अब साहब दावा कर रहे है कि टंकी से पानी कि सप्लाई जारी है और ग्रामीणों का दावा है कि 94 लाख कि टंकी सही मानिटरिंग के अभाव मे भ्रष्टाचार कि भेट चढ़ गई।

## समाचार संक्षेप

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका शुक्ला को दी गई विदाई



**भाटापारा, 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में संचालित शासकीय पंचम दीवान कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगातार 36 वर्ष तक शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं देने के पश्चात 30 अप्रैल 2024 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रीमति बसुधा शुक्ला को शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित कर ससम्मान पूर्वक विदाई दी गई। पूर्व में श्रीमति बसुधा शुक्ला शिक्षिका को राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया था। विदाई कार्यक्रम में श्रीमति बसुधा शुक्ला के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक के. आर. वर्मा, संकुल समन्वयक मुकेश देवांगन, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं के साथ-साथ विशेष आमंत्रित शाला की भूतपूर्व प्राचार्या श्रीमति इन्दु मिश्रा, भूतपूर्व प्रधान पाठिका श्रीमति शारदा गौराहा की भी उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### हर्षोल्लास से मनाया गया मजदूर दिवस



**भानुप्रतापपुर, 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवार को शिवसेना का मजदूर संगठन भारतीय कामगार सेना द्वारा पूरे भारतवर्ष में मजदूर दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। भारतीय कामगार सेना भानुप्रतापपुर मजदूर दिवस मनाते हुए उपस्थित मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि क्षेत्र में जहां भी मजदूरों के ऊपर अन्याय, अत्याचार, दमन, शोषण होता है भारतीय कामगार सेना मजदूरों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए सदैव संघर्ष करती है। क्षेत्र में मजदूरों के बीच प्रबंधन के दलाल नुमा ठेकेदार और नेता घुसे हुए हैं जिस कारण से क्षेत्र में मेहनत कशो को उनके मेहनत का सही प्रतिफल नहीं मिल पा रहा है। और क्षेत्र के कामगारो का नित शोषण हो रहा हैं। कामगार सेना का यह नारा है। कि अगर सोसको से बचना है तो सर्वप्रथम अपने बीच छुपे हुए प्रबंधन के दलाल और ठेकेदार को पहचानकर खदेड़ना होगा। अन्यथा क्षेत्र के मजदूरों का विकास कभी भी नहीं हो सकता। इसलिए सभी मजदूरों को संगठित होना होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ मजदूर साथियों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं मजदूर हित के लिए संगठित होकर संघर्ष करने हेतु संकल्प लिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के मजदूर साथी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पुलिस ने खोली दो गुड़ा बदमाशों की फाइल

**बलौदाबाजार, 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए, असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगातार छापामार अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 29 अप्रैल को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत लड़ाई-झगड़ा, विवाद, मारपीट आदि अपराधों में संलिप्त तथा इस प्रकार की घटनाओं को लगातार अंजाम देने वाले 02 व्यक्तियों के विरुद्ध गुंडा बदमाश की फाइल खोली गई है। गुंडा बदमाश पंजी खुलने से इन दोनों व्यक्तियों का संबंधित थानों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी। इसके पूर्व भी 05 व्यक्तियों के विरुद्ध निगरानी पंजी एवं 16 व्यक्तियों का गुंडा बदमाश की फाइल भी खोली जा चुकी है। साथ ही थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरधा निवासी आदतन बदमाश विमल अजय को जिलाबदर भी किया गया है।

**गुंडा बदमाश के नाम** सीताराम बघेल पिता मनोहर बघेल उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना पलारी, विनीत धृतलहरे पिता बोधन धृतलहरे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी है।

# पुलिस ने भैंसामुडा डेरा व टुण्ड्रा में मारा छापा

- मौके से लगभग 16, 000 मूल्य का महुआ पास (लहान) को बरामद कर किया नष्ट
- अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर 3600 रुपए मूल्य की 18 लीटर महुआ शराब जप्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 2 मई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, द्वारा जिले में चलाए जा रहे सभी प्रकार के नशे के खिलाफ विशेष अभियान सृजन के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। मुखबिर से सूचना मिली कि भैंसामुडा डेरा में अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भारी मात्रा में रखा गया है, कि सूचना पर आज दिनांक 01.05.2024 को थाना गिधौरी से थाना प्रभारी निरीक्षक के.सी.दास, प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आरक्षक रामलाल, विजय मिलन महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की टीम द्वारा भैंसामुडा डेरा में रेड कार्यवाही किया गया। कार्रवाई में महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 16, 000 कीमत मूल्य अवैध महुआ लहान पास, बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया।

कार्यवाही के इसी क्रम में आरोपी पुष्पा बारले पति सुशील उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम टुण्ड्रा से 18 लीटर महुआ शराब कीमती 3600 जप्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## कार्यस्थल पर शपथ लेकर किया शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक

# मजदूर दिवस पर 90 हजार मनरेगा मजदूरों को दिलाई गई शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 मई।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज 1 मई विश्व मजदूर दिवस के मौके पर जिले भर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 90 हजार मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसके तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार 18 हजार 320, भाटापारा 14हजार 210, कसडोल 21 हजार 150, पलारी 11 हजार 170 एवं सिमगा जनपद के 25 हजार 150 मजदूर शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, मजदूर, ग्रामीण, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव सहित, तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। गौरतलब है की स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाई गई है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत जिले में बढ़ सके।



## डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित



**बलौदाबाजार, 2 मई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर -चाम्पा एवं लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 08 रायपुर अन्तर्गत आने वाले मतदान कर्मियों के लिए सरल व सुगम रूप से पोस्टल बैलट से मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान के निर्देशानुसार जिला अन्तर्गत प्रत्येक विधानसभा में सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इन सुविधा केंद्रों में मतदानकर्मी तय समय पर पोस्टल बैलट से मतदान कर सकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 43 बिलाईगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 44 कसडोल के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल में सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इसीप्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 45 बलौदाबाजार अंतर्गत आने वाले अधिकारी कर्मचारियों के लिए संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक- 3 में तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -46 भाटापारा हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा में स्थापित की गई है। डाक मतदान 29 एवं 30 अप्रैल तथा 01 मई को प्रातः 11बजे से अपरान्ह 5 बजे तक कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौहान ने संबंधित शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान करने की अपील की है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगाँव**

रा.प्र.क्रमांक-202404092100037

अ/ 6 (अ) वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रप्रकाश कोठारे पिता श्री भरतलाल कोठारे जाति तेली निवासी ग्राम तुमड़ीबोड तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि अनावेदक संजय साठवने पिता श्री शिवराम साठवने जाति तेली निवासी शान्ति नगर भिलाई के नाम से ग्राम चौथना प.ह.न. 26 में ख.न. 55/1 में से रकबा 0.06 एकड़ भूमि स्थित है। जिसे आवेदक की माता जी स्व. श्रीमती सुमित्रा बाई पति भरत लाल कोठारे के द्वारा दिनांक 09.08.2017 को विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। आवेदक की माताजी स्व. श्रीमती सुमित्रा बाई की मृत्यु दिनांक 21.06.2020 को स्थान चेस्ट किलनिक कालिपुतली चौक बालाघाट में हो चुकी है। मृतिका सुमित्रा बाई की के वारिस पुत्र चन्द्रप्रकाश कोठारे एवं ओमप्रकाश है। आवेदक चन्द्रप्रकाश कोठारे की माता जी के द्वारा क्रय किये गए उक्त भूमि में अनावेदक का नाम दर्ज नहीं होने के कारण आवेदक व उसके भाई को शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है एवं कृषि कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनावेदक संजय साठवने के नाम दर्ज उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में से अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक व उसके भाई ओमप्रकाश का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 09.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रायपुर 2 मई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। श्री साय ने पुष्प गुच्छ भेंट कर विनोद तावड़े का स्वागत किया और छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार द्वारा 100 दिन में किये गए जनहित, विकास के कार्यों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर सारगर्भित चर्चा की। मुलाकात के बाद श्री साय ने विनोद तावड़े की तारीफ में कहा कि ÷एक सरल, सहज व्यक्तित्व के धनी श्री विनोद तावड़े जी से आज मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय मुलाकात हुई। तावड़े जी कुशल संगठनकर्ता हैं, जिसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है।

### स्काऊट गाइड ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रायपुर 2 मई।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ रायपुर के द्वारा आज प्रातः 8 बजे से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। रेंजर रोवर स्काउट गाइड टीचर व पदाधिकारीयों ने,नगर घड़ी चौक, बंजारी बाबा चौक,शास्त्री बाजार के भीतर, एव्हरग्रीन चोक,कोतवाली चौक एवम गांधी चौक में मतदाता को मतदान आवश्यक है की प्रेरणा दी।महन्त लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में भी युवा छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित किया। श्री जी स्वामी अध्यक्ष,डॉ सुरेश शुक्ला,जिला मुख्य आयुक्त, बालक दास डी ओ सी ,लीना वर्मा मृत्युंजय शकला सचिव राजपूत मेंमडॉ सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त,एवं अनेक स्काऊट व गाइड टीचर शामिल थे।

### टेक्नोलॉजी व डिजाइन के क्षेत्र में कई मानक स्थापित

**रायपुर 2 मई।** सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ - रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाईन है, जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रोंः चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर ध्वजारोहण की पत्रिका का विमोचन किया




**रायपुर 2 मई।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के ध्वजारोहण व जन्मकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद , महासचिव महेन्द्र कोचर , ट्रस्टी द्वय जय सांखला व योगेश बंगानी ने गुलाब फूल से मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया । इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से शाल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन किया गया व पत्रिका व श्रीफल से मुख्यमंत्री जी को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 2 व 3 मई के लिए आमंत्रित किया गया । मुख्यमंत्री श्री साय जी ने रात्रिकालीन प्रभु भक्ति में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की । ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने मुख्यमंत्री साय जी को शीघ्र जैन गौशाला की स्थापना संबंधित जानकारी दी गई , साय जी ने जैन गौशाला हेतु हरसंभव मदद की बात कही ।

### न्युवोको ने 147 करोड़ रुपए का लाभ कमाया

**रायपुर 2 मई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की अग्रणी निर्माण सामग्री निर्माता कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तवर्ष 24 में बिक्री और लाभ में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनी ने समाप्त वित्तवर्ष 24 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनियों में से एक है। वित्तवर्ष 24 में कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री की मात्रा 18.8 एमएमटी थी। कंपनी संचालन से कंसोलिडेटेड आय इसी अवधि के दौरान 10,733 करोड़ रुपये दर्ज की गई। सालाना आधार पर कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा 35 प्रतिशत बढ़कर 1,657 करोड़ रुपये रहा।



### रोड शो में बृजमोहन का जगह-जगह स्वागत

रायपुर 2 मई। कैबिनेट मंत्री रायपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल ने दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडलों में रोड शो किया इस दौरान उन्हें लाखे नगर मंडल, पुरानी बस्ती मंडल,सदर मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो कर जनता से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल का जगह-जगह स्वागत किया गया।

## राजेश मूणत ने ऑटो रिक्शा चलाकर किया प्रचार



**रायपुर 2 मई।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान हो चुका हैं। आगामी 7 मई को तीसरे चरण में बची हुई 7 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसमे रायपुर लोकसभा सीट पर भी शामिल है। इस सीट से बीजेपी ने पार्टी के सीनियर विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल चुनावी मैदान पर है ,लिहाजा भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताक़त झोंक दी है। गुरुवार सुबह पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक राजेश मूणत अनोखे अंदाज में बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में प्रचार करते नजर आये। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लेकर रायपुर लोकसभा कस्टर प्रभारी और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने मोर्चा संभाल लिया है। मूणत अपनी विधानसभा में ÷युवा चौपाल और चाय पर चर्चा अभियान÷ चला रहे हैं। कभी वह खुद चाय बनाते और सर्व करते नज़र आते हैं,तो कभी बिना सुरक्षा के आम लोगों के बीच पहुंच जाते हैं। राजेश मूणत गुरुवार सुबह अनुपम गार्डन में योग अभ्यास और मार्निंग वाक करने पहुंचे लोगों से मिलने पहुंच गए,जहां उन्होंने लोगों के साथ तस्वीरें खिचाई और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## तापमान 4 से बढ़ेगा लू का रहेगा कहर

**राजधानी में पेयजल संकट गहराता जा रहा**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 मई।** भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो गए हैं। चुनाव के प्रचार पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 4 मई से तापमान और बढ़ेगा। मौसम विभाग के डॉ. चंद्रा के अनुसार आज का अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहेगा। राजधानी तथा इसके आसपास के जिलों में भीषण गर्मी से इस समय जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। प्रदेश के सात लोकसभा क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है। इसलिए सभी प्रचारक दोपहर पश्चात एवं रात में ही कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। गर्मी के साथ ही चुनाव प्रचार बढ़ गया है। सेंट्रल छत्तीसगढ़ कहे जाने वाले बिलासपुर, कोरबा, चांपा-जांजगीर तथा रायगढ़ में तापमान और बढ़ेगा। मई में तापमान 44 से 45 डिग्री पहुंच जाता है। लेकिन इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण यह तापमान और बढ़ता जा रहा है। 4 मई तापमान बढ़ने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। इसके साथ लू का कहर भी शुरू हो जाएगा।

**पेयजल संकट गहरा रहा :** राजधानी में अनेक वार्डों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। 10 से अधिक वार्डों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। यहां पर भूजल स्तर भी गिरते जा रहा है जिसके कारण पानी की किल्लत हो गई है। भीषण गर्मी के कारण शालाएं बंद कर दी गई है। राजधानी में अब देर शाम लोग घरों से निकलते हैं। गर्मी में कूलर, एयरकंडीशन की मांग बढ़ गई है। गर्मी में यात्री गाड़ियों का परिवहन भी प्रभावित हुआ है। यात्री बसों का अधिग्रहण करने से लोग परेशान हैं। इधर रेलगाड़ियों का परिचालन विभिन्न निर्माण कार्यों के कारण प्रभावित है जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

### बाल आश्रम के कार्यालय भवन का उद्घाटन

**रायपुर 2 मई।** बाल आश्रम कचहरी चौक रायपुर के कार्यालय भवन का उद्घाटन डॉ कमलेश्वर अग्रवाल द्वारा 01 मई को किया गया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी, गोकुल दास ड़ागा, राजकिशोर नतथानी सुरेश शुक्ला, विजय दानी, आर के गुप्ता, प्रकाश बैद , गोवर्धन ड़ागा, मदन तालेड़ा, दीपक दुबे एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे द्य यह जानकारी संस्था के प्रबंधक अनिल चंद्राकर द्वारा दी गई।



## मतदान की तिथि नजदीक, चुनाव प्रचार पकड़ने लगा जोर

**आयोग ने 1570 मतदान केंद्रों में से 7882 में की वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 मई।** प्रदेश में तीसरे चरण के सात लोकसभा के 58 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावली सीज कर दी गई है। यहां पर चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। जाजंगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, रायगढ़ में ईवीएम व वीवीपैट की कमिशनिंग का काम पूरा हो चुका है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 15 हजार 701 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 7882 मतदान केंद्रों में वेबकॉस्टिंग की मानिटरिंग की जाएगी। जिससे यहां पर मतदान में होने वाली गड़बड़ियों का प्रत्यक्ष रूप से पता चल जाएगा।

राज्य में तीसरे चरण के मतदान के लिए निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। तृतीय चरण में अभी तक 13050 डाक मत पत्र प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 85+ वाले 2001 एवं दिव्यांग 1057 है। रायपुर लोकसभा में चुनाव का कार्य देख रही श्रीमती निधि साहू ने बताया कि यहां पर पुलिस लाईन में पुलिस वालों एवं नगर सेना ने मतदान कर लिया है। 6 मई तक टाउनहॉल में डाक द्वारा प्राप्त मतपत्रों के आधार पर मतदान किया जा सकेगा। 85 प्लस वालों को होमवोटिंग की सुविधा दी गई है। अनिवार्य सेवा श्रेणी वालों को भी यह सेवा प्रदान की गई है जिसमें रेलवे, बैंक तथा पत्रकार वर्ग के लोगों को रखा गया है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य में अवैध गांजा, शराब तथा अनुचित ढंग से ले जाने वाले नकदी की जब्ती जारी है। अभी तक नकदी के रूप में 19 करोड़ से अधिक रुपए की बरामदगी हुई है। तीन करोड़ रुपए मूल्य की शराब भी पकड़ी गई है। पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, सीजीएसटी, बीआरआई, एएसएफ, विमान प्राधिकरण, राज्य कर जीएसटी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इस कार्य के लिए लगाए गए हैं। राज्य में प्रलोभन रोकने के लिए यह कार्रवाई चल रही है।

राज्य में तीसरे चरण के लिए 1 करोड़ 39 लाख 285 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें महिलाओं की संख्या 6967544 है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 6933121 व तृतीय लिंग की संख्या 620 है। तीसरे चरण में 18 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 398416 है। तृतीय चरण में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 15701 है जिसमें 114 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। निर्वाचन क्षेत्र में बैलेट यूनिट लगाने के लिए अतिरिक्त बीयू की व्यवस्था की गई है। इन मशीनों की प्रथम दृष्टया जांच की जा रही है। यह काम राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के एजेंट के सामने किया जाएगा। आयोग के निर्देश पर तीसरे चरण में 7882 मतदान केंद्रों में वेबकॉस्टिंग स्थापना की गई है। इसके लिए राज्य स्तर पर कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां पर 16 एलईडी मशीन लगाए गए हैं। वेबकॉस्टिंग की वीडियो को स्क्रीन पर डिस्प्ले कर सुपरविजन किया जाएगा। राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग के दौरान जो भी प्वाइंट्स हैं व जिला के कंट्रोल रूम से सूचित किया जाएगा। जिला एवं मैदानी स्तर पर गठित रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा कार्रवाई कर समस्या का तत्काल निराकरण किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था और भी मतदान केंद्रों में किए जाने का विचार है। मतदान दलों एवं राजनीतिक एजेंट मतदान के पूर्व व पश्चात कैमरे के सामने खड़े होकर सारी प्रक्रिया पूरी करेंगे।

छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी सभाएं ले रहे हैं। जशपुर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी मोदी का ट्रेलर है। असली फिल्म 4 जून के बाद शुरू होगी। तीसरे चरण के तहत मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी कांग्रेस की ओर से चुनाव प्रचार कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। मतदान की तिथि 7 मई है। जिसके कारण चुनाव प्रचार तेज हो गया है।

## विकास उपाध्याय ने ऑटो संघ से मांगा समर्थन



**रायपुर 2 मई।** रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क किया इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर ऑटो यूनियन संघ के सैकड़ो सदस्यों से मुलाकात की एवं उनका समर्थन मांगा साथ ही अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड भाटागांव में भी ऑटो यूनियन की बैठक ली जहां यूनियन के पदाधिकारी ने रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय के पक्ष में वोट डालने की अपील की। साथ ही असंगठित कामगार कांग्रेस द्वारा दक्षिण विधानसभा मे आयोजित श्रमिक सम्मेलन में भी पहुंचे जहां सैकड़ो की तादात में श्रमिक उपस्थित हुए थे। श्रमिकों को संबोधित करते हुए विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही श्रमिकों का सम्मान करते आई है श्रमिकों के लिए युवा से लेकर महिला बुजुर्ग श्रमिकों के परिवार के लिए उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति जैसी योजना कांग्रेस पार्टी की ही देन है उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती ही उनकी मजदूरी में इजाफा किया जाएगा एवं 25 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा कवच भी कांग्रेस पार्टी द्वारा दिया जाएगी। इस अवसर पर गिरीश दुबे महेंद्र छाबड़ा कन्हैया अग्रवाल मोहम्मद सिद्दीक विनोद तिवारी सारिक रईस खान सोनू शर्मा पंकज मिश्रा आसिफ मेमन संदीप तिवारी नागेंद्र वोरा राजेश त्रिवेदी मुकुंद पचाल प्रवीण चंद्राकर श्रीनाथ गोगल कुलदीप ध्रुव विमल गुप्ता गोलू कुशवाहा उपस्थित थे।

## शांति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में दस दिवसीय समर कैम्प शुरू

**रायपुर, 2 मई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के नैतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित समर कैम्प का शुभारम्भ इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल, आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल ने कहा कि पहले घर में माता-पिता और बुजुर्गों से जो शिक्षा मिलती थी वह आज नहीं मिल पा रही है। नैतिक शिक्षा के अभाव में हम बच्चों को भविष्य में मिलने वाली असफलता के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। फलस्वरूप बच्चे अपने जीवन को ही समाप्त कर लेते हैं।

वर्चुअल शिक्षा पर ज्यादा निर्भर होने के कारण परिवार में वैचारिक लेन-देन का अभाव सा हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में टिके रहने के लिए आशा और निराशा दोनों का सामना करने की शक्ति हमारे अन्दर होनी चाहिए। इसलिए पारम्परिक शिक्षा पद्धति में नैतिक शिक्षा को शामिल करने की जरूरत है। आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने कहा कि जीवन में अनेक समस्याएं आएंगी किन्तु उन चुनौतियों से घबराकर दूर नही भागना है। बल्कि उनका सामना कर आगे बढना है। तभी हम सफल कहलाएंगे। उन्होंने बतलाया कि घड़ी को अंग्रेजी में वाच कहते हैं। इसका एक-एक शब्द हमें शिक्षा देता है। पहला शब्द है डब्लू जो कि हमें बतलाता है कि वाच युअर वर्ड अर्थात अपने शब्दों पर ध्यान दो। सबसे मीठा बोलो। कटु वचन न बोलो। फिर है -ए शब्द जो कहता है कि वाच युअर एक्शन अर्थात अच्छे कर्म करो।

### सोशल मीडिया कैम्पेन 'कॉमिकअल'

**रायपुर 2 मई।** अगर आप यह सोचते हैं कि धातु व खनिजों के बारे में भला हँसने-मुस्कुराने को क्या है तो एक बार फिर सोचिए। बिज़नेस-टू-बिज़नेस की बनी-बनाई परिपाटी को त्यागते हुए भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने एक अनोखी सोशल मीडिया कैम्पेन लांच की है जिसका शीर्षक है 'कॉमिकअल' । इस कैम्पेन के लिए एल्यूमिनियम की बहुमुखी विशेषताओं को पुनः प्रासंगिक बनाया गया है। काबिले गौर है कि 'भविष्य की धातु' कहलाने वाले एल्यूमिनियम को दिलचस्प तरीकों से दर्शाया गया है। कौन जानता था कि कई अत्याधुनिक एप्लीकेशंस में उच्च गुणवत्ता वाली शीर्ष परफॉरमेंस देने वाली धातु का एक हल्का-फुल्का पक्ष भी है (जी हां बिल्कुल)। एल्यूमिनियम अपनी उच्च शक्ति-भार अनुपात के लिए मशहूर है जिसका मतलब है कि भले ही यह वज़न में हल्का हो किंतु मजबूती के मामले में यह खूब भारी है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 2 मई।** आमानाका छुईया तालाब के पास पैसे के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निशांत कुमार पोंडे 26 वर्ष हीरापुर कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी छुईया तालाब के तरफ गया था, तभी आरोपी प्रवीण सिंह अपने दोस्त के साथ आया और उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

**आवश्यकता है**

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

## गर्म है राजीव भवन का माहौल

**राधिका खेड़ा के व्यवहार से नाराज हैं कांग्रेसी**




**रायपुर 2 मई।** कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया को-ऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने लोकसभा चुनाव के दौरान रायपुर आकर न केवल राजीव भवन के माहौल को गरमा दिया है बल्कि बेवजह विवाद कर कार्यकर्ताओं में आक्रोश पैदा कर उनके उत्साह पर ग्रहण लगा दिया है। ये बातें कांग्रेस के कार्यकर्ता व प्रदेश प्रवक्ता कह रहे हैं। कांग्रेसियों का कहना है कि वास्तव में बड़ा मुद्दा बनाकर इसे सार्वजनिक करने जैसी कोई बात हुई ही नहीं थी। प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमेन सुशील आनंद शुक्ला की फितरत विवाद या किसी से भी दुर्व्यवहार करने की रही ही नहीं है। उनकी पहचान सरल, सहज व मिलनसार नेता की रही है। उनको मुद्दों की समझ है। कांग्रेसियों का कहना है कि राधिका खेड़ा यहां जब-जब आई है तब-तब माहौल तनावपूर्व हुआ है। वे अपनी मनमानी चलाना चाहती है। व्यवहार तथा बातचीत का लहजा भी ठीक नहीं है। राधिका खेड़ा को यहां आकर मीडिया विभाग से संबंधित कोई निर्णय लेने के पूर्व सुशील आनंद शुक्ला को विश्वास में लेना था। राधिका खेड़ा तो नई दिल्ली चली जाएंगी लेकिन यहां मीडिया व कार्यकर्ताओं को सुशील आनंद को फेस करना पड़ेगा। कांग्रेसजनों ने बताया कि इससे पूर्व भी राधिका अपने उग्र स्वभाव का प्रदर्शन कर चुकी हैं। प्रवक्ता उनसे नाराज चल रहे हैं। ऐसी जानकारी भी मिली है कि कांग्रेस के दो युवा नेता राधिका खेड़ा के कान सुशील आनंद के खिलाफ भरते रहे हैं। ये नेता मीडिया विभाग पर कब्जा करना चाहते हैं। उनकी इस साजिश से कांग्रेस को ही नुकसान हो रहा है। ऐसे समय में जब लोकसभा चुनाव में सीट हथियाने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भी संघर्ष कर रहे हैं तब फालतू के विवाद पैदा करना पार्टी की सेहत के लिए ठीक नहीं है जबकि कांग्रेस पहले ही विधानसभा चुनाव हार चुकी है। यह मतदाताओं को रिझाने का समय है न की मगरमच्छ के आंसू बहाने का। सुशील आनंद के नेतृत्व में मीडिया विभाग बेदाग रहकर कांग्रेस को मजबूत करने अच्छा काम कर रहा है। सुशील ने प्रदेश सरकार को कई मौकों पर घेरा है। सुशील आनंद को राजनीति तथा प्रवक्ता की भूमिका का लंबा अनुभव है।

### मालिश कराने से खत्म होता है तनाव

**रायपुर 2 मई।** इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं । टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ठंडक का बादशाह, राहत का राजा के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी राहत और आराम देती है और ठंडा ठंडा कूल कूल करती है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26